www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

मौसम

अधिकतम तापमान 31.c

28.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.935g

चांदी 106,000kg

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live



2 पश्चिम एशिया में नई चुनौती, ईरान-इजरायल युद्ध में भारत को अपनाने होंगे कूटनीतिक विकल्प

अमेरिका में नो किंग्स रैली, गोलीबारी में 1 की मौत 04



वर्ष :08 अंक :356 मुंबई , मंगलवार ,17 जून 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए


संक्षिप्त समाचार

## बांग्लादेशी बनकर भारत में रह रहा था पाकिस्तानी, ईडी की जांच में खुला राज

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक पाकिस्तानी नागरिक अहमद हुसैन आजाद उर्फ आजाद मलिक के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, जो वर्षों से कोलकाता में रह रहा था और बांग्लादेशियों को भारतीय पहचान पत्र उपलब्ध कराने का फर्जी रैकेट चला रहा था। ईडी ने एक बयान में कहा कि आजाद भारत और बांग्लादेश के बीच अवैध सीमा पार धन प्रेषण की सुविधा के लिए हवाला नेटवर्क संचालित करता था, जो नकद और यूपीआई में भुगतान एकत्र करता था, तथा उसके बाद बीकेश जैसे प्लेटफार्मों का उपयोग करके बांग्लादेश में बराबर राशि स्थानांतरित करता था। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप पत्र 13 जून को कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल किया गया था। अदालत ने पहले ही इसका संज्ञान ले लिया है।ईडी की जांच पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 और 14ए के तहत आजाद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर) पर आधारित है।

## जल्द आगे बढ़ेगा मॉनसून, मिल रही अच्छी परिस्थितियां, आईएमडी ने दी जानकारी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुजरात, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, झारखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और बिहार तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ और इलाकों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की जानकारी दी है।मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि अब मॉनसून के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है। मानसून 16 जून तक सक्रिय अवस्था में रह सकता है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और कोंकण एवं गोवा में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा और अत्यंत भारी वर्षा (20 सेमी से अधिक) होने की संभावना है।यह मध्य अरब सागर, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तरी अरब सागर और गुजरात के शेष भागों की ओर बढ़ गया। मानसून की उत्तरी सीमा वेरावल, भावनगर, वडोदरा, खरगोन, अमरावती, दुर्ग, बरगढ़, चांदबली, संधेल द्वीप और बालुरघाट से होकर गुजरी है। पिछले सप्ताह एक पखवाड़े के अंतराल के बाद मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो गईं है।इसका मुख्य कारण कमजोर प्रवाह और उत्तर-पश्चिम से शुष्क हवा का प्रवेश था। आईएमडी के महानिदेशक एम. महापात्रा ने शुक्रवार को कहा कि इस सप्ताह बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनने की उम्मीद है

# दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा भारत : बिजनेस मीट में बोले पीएम मोदी

## साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित हुए पीएम मोदी

बिजनेस मीट

भारत ने एक उल्लेखनीय डिजिटल क्रांति की है, जिसमें यूपीआई वैश्विक स्तर पर सभी डिजिटल लेनदेन का 50 फीसदी हिस्सा है। पीएम मोदी ने इस दौरान फ्रांस के साथ अपनाए गए मॉडल के अनुरूप साइप्रस में भी यूपीआई सेवाएं विस्तारित करने पर चर्चा का स्वागत किया। साइप्रस को इसमें शामिल करने के लिए बातचीत जारी है। मैं इसका स्वागत करता हूं।

एजेंसी

नयी दिल्ली। साइप्रस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान दि ग्रांड क्रॉस ऑफ दि ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3 से अलंकृत किया।इस मौके पर ढट मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं।उन्होंने भारत एवं साइप्रस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।उन्होंने साइप्रस की कंपनियों के लिए देश में उपलब्ध असंख्य आर्थिक अवसरों का उल्लेख भी किया। मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ रविवार को निकोसिया में व्यापारिक गोलमेज बैठक में हिस्सा लिया।




### दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को अग्रसर भारत

मोदी ने कहा, भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हमने कर सुधार, वस्तु एवं सेवा कर, युक्तिसंगत कॉर्पोरेट कर, गैर-अपराधीकरण कानूनों को लागू किया है और व्यापार करने में सुगमता के साथ-साथ व्यापार करने के भरोसे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बयान के अनुसार, मोदी ने कहा कि भारत के नागर विमानन, बंदरगाह, जहाज निर्माण, डिजिटल भुगतान और हरित विकास क्षेत्रों में लगातार वृद्धि ने साइप्रस की कंपनियों के लिए भारत के साथ साझेदारी करने के असंख्य अवसर खोले हैं।

### साइप्रस भारत के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार- प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि साइप्रस भारत के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार है, विशेष रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के क्षेत्र में.. उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नए निवेश के लिए साइप्रस की गहरी रुचि का स्वागत किया। मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों में विकास की अपार संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि साइप्रस लंबे समय से भारत का एक विश्वसनीय साझेदार रहा है।

### पिछले 11 वर्षों में भारत में हुए तेज आर्थिक बदलाव

विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में भारत में हुए तेज आर्थिक बदलावों का उल्लेख किया और कहा कि अगली पीढ़ी के सुधारों, नीतिगत पूर्वानुमेयता, स्थिर राजनीति एवं व्यापार में आसानी से देश, दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है।नवाचार, डिजिटल क्रांति, स्टार्ट-अप और भविष्योन्मुखी बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर देते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया ।

# पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## दी गई 21 तोपों की सलामी, अमित शाह भी रहे मौजूद

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत हो गई, जिससे राजनीतिक बिरादरी सदमे में है। गुजरात की राजनीति के दिग्गज विजय रूपाणी ने 1987 में राजकोट नगर निगम में पार्षद के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी।



एजेंसी

गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को 21 तोपों की सलामी दी गई। पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी मौजूद रहे। अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत हो गई, जिससे राजनीतिक बिरादरी सदमे में है। गुजरात की राजनीति के दिग्गज विजय रूपाणी ने 1987 में राजकोट नगर निगम में पार्षद के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। साधारण शुरूआत से, वे लगातार आगे बढ़ते गए - राजकोट के मेयर, राज्यसभा सांसद, गुजरात भाजपा के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री और अंततः 2016 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राजकोट में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के अंतिम संस्कार से पहले उन्हें श्रद्धांजलि दी। महिलाओं समेत कई लोगों ने नम आंखों से रूपाणी (68) को अंतिम विदाई देते हुए फूल बरसाए और हाथ जोड़े। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम यात्रा उनके घर से अंतिम संस्कार स्थल तक छह किलोमीटर की दूरी तय करके पहुंची। गुजरात सरकार ने रूपाणी की स्मृति में आज एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। गुजरात में भी रूपाणी ने भाजपा को 182 में से 156 सीटें जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे 1995 से राज्य में पार्टी की पकड़ मजबूत हुई।

# जनगणना के लिए अधिसूचना जारी, दो चरणों में होगी गिनती

गृह मंत्रालय ने कहा कि जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यमों से की जाएगी, जहाँ लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा।

एजेंसी

## सरकार ने जारी किया नोटिफेकशन



नई दिल्ली। सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश मैं संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किये जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। गृह मंत्रालय के अनुसार जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी घरों की सूची तैयार करने के ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद, दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी।

# मल्लिकार्जुन खड़गे का आरोप, मनरेगा का खर्च रोकने की कोशिश कर रही केंद्र सरकार

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सीमा पार हो जाने पर क्या होगा? क्या राज्य बावजूद रोजगार देने से इनकार करने के लिए मजबूर होंगे, या श्रमिकों को समय पर भुगतान के बिना काम करना होगा?

एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार मनरेगा को नष्ट करने की कोशिश कर रही है और इस योजना के कार्यान्वयन में कटौती करना संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर खत्म करने की कवायद में जुटी है। मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60% तय कर दी है। मनरेगा जो संविधान के तहत काम क ा अधिकार का कानूनी अधिकार सुनिश्चित करती है, उसमें कटौती करना संविधान के खिलाफ अपराध है।खड़गे ने सवाल करते हुए कहा कि क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है क्योंकि वो गरीबों की जेब से करीब ?25,000 करोड़ छीनना चाहती है, जो कि हर साल, साल के अंत तक, ज्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में अलग से खर्च करने पड़ते हैं? उन्होंने दूसरा सवाल किया कि चूंकि मनरेगा एक योजना है, इसलिए यदि आपदाओं या प्रतिकूल मौसम की स्थिति में पहली छमाही के दौरान मांग में की वृद्धि होती है, तो क्या होगा? क्या ऐसी सीमा लागू करने से उन गरीबों को नुकसान नहीं होगा जो अपनी आजीविका के लिए मनरेगा पर निर्भर हैं? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सीमा पार हो जाने पर क्या होगा? क्या राज्य के बावजूद रोजगार देने से इनकार करने के लिए मजबूर होंगे, या श्रमिकों को समय पर भुगतान के बिना काम करना होगा? क्या ये सच नहीं कि एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, केवल 7% परिवारों को वादा किए गए 100 दिन का काम मिल पाया है?



# हरियाणा की मॉडल सिम्मी चौधरी का मर्डर

## सोनीपत के नहर में मिली लाश, गला रेतकर की गई हत्या

एजेंसी



सोनीपत : हरियाणा के सोनीपत में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव खांडा से गुजर रही रिलायंस नहर में एक युवती का शव बहता हुआ मिला. युवती के शव को जब बाहर निकाला गया तो युवती की हत्या गला रेतकर की गई थी और युवती की पहचान पानीपत के खलीला माजरा गांव की शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी के तौर पर हुई है. सिम्मी चौधरी हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री में मॉडल के तौर पर काम करती थी. डेड बॉडी बरामद हो जाने के बाद उसके परिजनों और पानीपत पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई है और पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है सिम्मी चौधरी की मिली लाश : सोनीपत के गांव खांडा से गुजरने वाली रिलायंस नहर में एक युवती का शव पुलिस को बरामद हुआ था

# 'मुख्यमंत्री बेहोशी की हालत में, लोग बदलाव चाहते हैं'

## तेजस्वी का सीएम नीतीश पर तीखा हमला

तेजस्वी यादव ने कहा कि आने वाले समय में बिहार में चुनाव होने वाले हैं। 20 साल से सत्ता में काबिज मौजूदा सरकार से लोग परेशान हैं, लोग बदलाव चाहते हैं। लोग मौजूदा सरकार से बहुत परेशान हैं और इससे छुटकारा चाहते हैं। मुख्यमंत्री बेहोशी की हालत में हैं। हमारे पास नई सोच है।

एजेंसी




बिहार विधानसभा चुनाव में बस कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में आरजेडी नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सोमवार को एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म - - लॉन्च किया और लोगों से नया बिहार बनाने के लिए एक साथ आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक इस 'डिजिटल फोर्स' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन काम करेंगे। हम इसे लोगों तक ले जाएंगे। हमारे साथ जुड़ें और एक नया बिहार बनाएं। इसके साथ ही उन्होंने बिहार सरकार और सीएम नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि आने वाले समय में बिहार में चुनाव होने वाले हैं। 20 साल से सत्ता में काबिज मौजूदा सरकार से लोग परेशान हैं, लोग बदलाव चाहते हैं। लोग मौजूदा सरकार से बहुत परेशान हैं और इससे छुटकारा चाहते हैं। मुख्यमंत्री बेहोशी की हालत में हैं। हमारे पास नई सोच है। हमें नया बिहार बनाना है और बिहार को तेजी से आगे ले जाना है। हम सकारात्मक राजनीति करना चाहते हैं, मुद्दों की राजनीति करना चाहते हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार बिहार की जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। हमारे पास एक विजन है, एक रोडमैप है... लोग आरजेडी से जुड़ना चाहते हैं। 'लेट्स मेक बिहार बेटर' पोर्टल के लॉन्च पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो पार्टी और उसकी विचारधारा के लिए स्वेच्छा से काम करना चाहता है ।

# अमरोहा की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, पांच महिलाओं की दर्दनाक मौत

मजदूर के बच्चे ने जला दी थी फुलझड़ी, उसी से हुए एक के बाद कई धमाके. 12 अन्य घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

एजेंसी



अमरोहाः यूपी के अमरोहा के अतरासी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से पूरा इलाका दहल गया. धमाके इतने तेज थे कि पांच महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए. वहीं सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया. फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. बता दें कि रजबपुर थाना क्षेत्र के अतरासी में स्थित पटाखा फैक्ट्री जो कि गांव से करीब ढाई किलोमीटर दूर जंगल में संचालित है. फैक्ट्री में दोपहर के समय 25 महिला और पुरुष कम कर रहे थे. इसी दौरान किसी मजदूर के बच्चे ने फुलझड़ी जला दी इसके बाद वहां रखे पटाखे और बारूद में आग लग गई. करीब 15 मिनट तक ब्लास्ट होता रहा.

इनकार

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना का राजनीतिकरण करने से किया इनकार

# बीजेपी और जेडीएस के स्तर तक नहीं गिरेंगे...

एजेंसी



शिवकुमार ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना जैसी त्रासदी दुनिया में कहीं नहीं होनी चाहिए। दुर्घटनास्थल को देखना विनाशकारी है। यदि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले 500 मीटर और आगे बढ़ जाता तो हजारों लोग मारे जाते। दुर्भाग्य से, इस दुर्घटना में मेडिकल कॉलेज के कई छात्र मारे गए और कई लोग सदमे में हैं।

नयी दिल्ली। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) पर 'लाशों पर राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अहमदाबाद विमान दुर्घटना का राजनीतिकरण नहीं करेगी। शिवकुमार ने अपने सदाशिवनगर स्थित आवास पर संवाददाताओं से कहा, ₹इस तरह की घटना किसी भी देश में नहीं होनी चाहिए...मैं इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि हम भाजपा और जेडीएस की तरह नीचे नहीं गिरेंगे और अहमदाबाद विमान दुर्घटना का राजनीतिकरण करने की कोशिश नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की विमान दुर्घटनाएं दुनिया में कहीं भी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इससे बीजे मेडिकल कॉलेज के कई छात्र अपने साथियों की मौत देखकर सदमे में हैं। शिवकुमार ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना जैसी त्रासदी दुनिया में कहीं नहीं होनी चाहिए। दुर्घटनास्थल को देखना विनाशकारी है। यदि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले 500 मीटर और आगे बढ़ जाता तो हजारों लोग मारे जाते। दुर्भाग्य से, इस दुर्घटना में मेडिकल कॉलेज के कई छात्र मारे गए और कई लोग सदमे में हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने कुछ घायलों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। जब उनसे पूछा गया कि क्या केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो उन्होंने नायडू की आलोचना करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कई तकनीकी पहलू थे।

शिवकुमार ने कहा हम शवों पर राजनीति करने से इनकार करते हैं। हम बहुत सी चीजों के बारे में बात कर सकते हैं, इसकी तुलना अतीत में चीजों को कैसे संभाला गया था, लेकिन हम उनके स्तर तक गिरना नहीं चाहते हैं। इस दुर्घटना के कई तकनीकी पहलू हैं। मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं, और मैं इस समय केंद्रीय विमानन मंत्री की आलोचना नहीं करूंगा। कुमारस्वामी के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि राज्य सरकार द्वारा एकत्र किए जा रहे करों की मात्रा को देखते हुए उन्होंने गृहलक्ष्मी के तहत 5,000 रुपये दिए होते, उन्होंने कहा कि यह सुनकर खुशी हुई, उन्हें जल्द ही ठीक होने दें।

# हमेशा ओबीसी को धोखा दिया, भूपेंद्र यादव का कांग्रेस पर तीखा हमला



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल कमीशन लागू हुआ।

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र द्वारा सोमवार को 2027 में जाति गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना आयोजित करने की अधिसूचना जारी करने के बाद, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के मन में कभी सच्चाई रही होती, तो काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस ने कोई दूसरा कमीशन ही नहीं बनाया। देश से जब कांग्रेस की सत्ता गई तब मंडल कमीशन को बनाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल कमीशन लागू हुआ। मंडल आयोग वैधानिकता को सर्वोच्च न्यायालय ने जब स्वीकार किया, तो ओबीसी कमीशन को दंतविहीन बनाने का काम कांग्रेस ने किया। 2014 में जब देश से कांग्रेस की सत्ता गई और श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला। भाजपा नेता ने कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर कांग्रेस के धोखे का उदाहरण देखने को मिला। वो दिखाता है कि कांग्रेस के लिए सोशल जस्टिस दिखावा है, प्रतिबद्धता नहीं है। ओबीसी समाज को झांसे में लाना कांग्रेस की नीति है, न्याय देना उनका काम नहीं है।

## सम्पादकीय

# एआई में कुशलता की जरूरी राह, सबसे बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस में गत दिनों आयोजित एआइ एक्शन शिखर सम्मेलन 2025 की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा था कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआइ की वजह से नौकरियां खत्म होंगी लेकिन इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण नौकरियां खत्म नहीं होतीं बल्कि उनकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं।इन दिनों विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि भारत के तेज आर्थिक विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की भूमिका प्रभावी होने वाली है।इसके साथ-साथ भारतीय एआइ पेशेवरों की जरूरत भी देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही है।हाल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक तरह से इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक एआइ को अपनाने वाले उद्योग भारत को 2028 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं आइटी मंत्रालय की ह्यभारत की एआइ क्रांति, विकसित भारत के लिए एक रोडमैपह्ल नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत को 23-25 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में देश के एआइ पेशेवरों की अहम भूमिका होगी। सरकार का अनुमान है कि इसके लिए देश को अगले साल तक करीब 10 लाख एआइ पेशेवरों की जरूरत होगी।इसके अलावा गूगल की ह्यएआइ अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि ह्यइस समय तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआइ से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआइ प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है।उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सेवा एवं अन्य क्षेत्रों में एआइ के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक लाभ हो सकता है।ऐसे में एआइ के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में आर्थिक और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है।वहीं ओपन एआइ के सीईओ सैम आल्टमैन के मुताबिक एआइ के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआइ के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है।माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआइ के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत की नई पीढ़ी एआइ के क्षेत्र में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एआइ में कुशल कार्यबल के सरल और किफायती रूप से उपलब्ध होने के कारण भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का आगमन तेजी से बढ़ा है।इसके कारण देश का सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है।

## आज का विचार

ताकत अपने शब्दों में डालो
आवाज में नहीं
क्यूंकि फसल बारिश से उगती है
बाढ़ से नहीं

भारत संवाद



## राशिफल

**मेष राशिः** आप अपने कुछ लंबित कार्यों को लेकर सुबह से ही व्यस्त रहेंगे, जिसकी वजह से भाग दौड़ भी करनी पड़ सकती है. कार्यक्षेत्र में आपको एक से अधिक स्त्रोतों से धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. .

**वृषभ राशिः** आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे. लव लाइफ वाले लोग अपने लव पार्टनर के लिए कोई नया काम शुरू कर सकते हैं. किसी नए काम में आपकी रुचि जागृत होगी और आप अपनी छुपी हुई प्रतिभा को भी सामने लाएंगे.

**मिथुन राशिः** यदि आपका कोई संपत्ति संबंधी विवाद कानून में चल रहा है तो उसमें आपको जीत मिल सकती है और आप परिवार के किसी सदस्य की मदद भी आसानी से कर पाएंगे. नौकरी पेशा जातकों को आज किसी दूसरी कंपनी से अच्छी आमदनी साथ ऑफर मिल सकता है.

**कर्क राशिः** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट के कारण चिंता रहेगी और आपको भाग दौड़ भी करनी पड़ सकती है. अगर आप किसी समारोह में शामिल हों तो बहुत सोच-समझकर बोलें, अन्यथा लोग आपके बारे में बुरा सोच सकते हैं.

**सिंह राशि :** नौकरीपेशा जातकों के करियर में अच्छी उन्नति होगी और प्रमोशन की सूचना भी मिलेगी. जो लोग विदेश से आयात-निर्यात का कारोबार कर रहे हैं, उन्हें आज कोई बड़ी डील फाइनल करने का मौका मिलेगा.

**कन्या राशि :** आपके कुछ अनावश्यक खर्चे आपके लिए परेशानी ला सकते हैं. कार्यक्षेत्र में कुछ शत्रुओं की चालों को समझना होगा और अपनी चतुर बुद्धि से उन्हें परास्त करना होगा. अगर आप आर्थिक स्थिति को लेकर चिंतित थे तो यह पहले से बेहतर होगी. संतान से किया कोई वादा पूरा करना होगा, अन्यथा वे आपसे नाराज हो सकते हैं.

**तुला राशिः** आप जिस क्षेत्र में काम करते हैं, आपको उसमें अच्छी तरक्की प्राप्त होगी और धन प्राप्ति के अन्य मार्ग भी बनेंगे. आप अपने विचारों से वरिष्ठों को प्रसन्न करेंगे और बच्चे आपको कोई शुभ समाचार भी दे सकते हैं.

**वृश्चिक राशि :** आप अपने अटके कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेंगे. परिजनों के साथ बैठकर आप अपने मन की कोई इच्छा व्यक्त कर सकते हैं. अगर आप काम में ढिलाई बरतेंगे तो बाद में आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

**धनु राशिः** आपके कुछ खर्चे बढ़ेंगे, लेकिन आमदनी अच्छी होने से आप आज तनाव मुक्त रहेंगे. घर में वरिष्ठ सदस्यों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम की चर्चा कर सकते हैं, जिससे परिवार के सदस्य काफी खुश नजर आएंगे.

**मकर राशि :** आप निश्चित रूप से अपना और दूसरों का भी भला करेंगे. आज आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर अच्छा नाम कमाने का मौका मिलेगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ बैठकर समय बिताने से बेहतर है कि आप अपने काम पर ध्यान दें.

**कुंभ राशिः** किसी दोस्त से आपको कोई अच्छी बात सुनने को मिल सकती है. यदि आप कोई संपत्ति खरीदने जा रहे हैं तो उसके चल-अचल पहलुओं की स्वतंत्र रूप से जांच कर लें. धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा और धन का कुछ हिस्सा धर्मार्थ कार्यों में भी लगाएंगे.

**मीन राशि :** व्यापारियों को आज किसी ग्राहक या व्यापारिक पार्टी की वजह से मानसिक तनाव की स्थिति बन सकती है. वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं अन्यथा चोट लगने की आशंका बन रही है. नौकरी पेशा जातक आज ऑफिस में अपने काम से काम रखें और किसी भी तरह के विवाद से दूर रहें. लव लाइफ वाले अगर अपने पार्टनर के व्यवहार से थोड़े चिंतित हैं तो उनसे जरूर बात करेंगे. संतान पक्ष से आपको कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# पश्चिम एशिया में नई चुनौती, ईरान-इजरायल युद्ध में भारत को अपनाने होंगे कूटनीतिक विकल्प

> वर्तमान परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

पश्चिम एशिया पर इजरायल के हमले और फिर ईरान की जवाबी कार्रवाई ने पश्चिम एशिया में तनाव को और भड़का दिया है। पहले इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों और विज्ञानियों को निशाना बनाया तो जवाब में ईरान ने तेल अवीव सहित कई बस्तियों पर खतरनाक हमले किए। यह हिंसक टकराव किस मोड़ पर और कब तक समाप्त होता है, उसे लेकर तो अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना तय है कि इसने भारतीय विदेश नीति के समक्ष एक बड़ी दुविधा उत्पन्न कर दी है। इजरायल के साथ भारत के रक्षा से लेकर तकनीक तक व्यापक हित जुड़े हुए हैं। वहीं, ईरान के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। भारत में करोड़ों शिया मुस्लिम रहते हैं और ईरान को शिया समुदाय का वैश्विक नेता माना जाता है। इसके अतिरिक्त, ईरान ऊर्जा संसाधनों से भी संपन्न है। चाबहार बंदरगाह की क्षमताओं को पूरी तरह भुनाए न जा सकने के बावजूद वह कनेक्टिविटी की एक अहम कड़ी है। इस मामले से कई और महत्वपूर्ण पहलू भी जुड़े हुए हैं। खाड़ी देशों में भारत के सामरिक, आर्थिक एवं वाणिज्यिक हित जुड़े हुए हैं। इसी कड़ी में संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभरा है। कुवैत, कतर और यूएई के अलावा सऊदी अरब तेल एवं गैस के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि इन देशों में करीब 90 लाख भारतीय अपनी



आजीविका के लिए बसे हुए हैं। रेमिटेंस के जरिये वे देश के प्रति अहम आर्थिक योगदान कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि यह तनाव इन देशों तक नहीं फैले। किसी इलाके में अगर हिंसा भड़की हुई हो तो वहां से लाखों लोगों को निकालना एक कड़ी चुनौती बन जाती है। इसलिए इस हिंसक टकराव का जल्द से जल्द थमना ही उचित होगा। इस बीच ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका, ब्रिटेन या फ्रांस उसके हमलों से इजरायल को बचाने के लिए आगे आते हैं तो वह इस क्षेत्र में इन देशों के हितों को निशाना बना सकता है। परिस्थितियों को भांपते हुए भारत ने हाल में एक विवेकसम्मत बयान जारी किया। विदेश मंत्रालय ने इस टकराव पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत हालात पर नजर बनाए हुए है। दोनों पक्षों से संयम बरतने की सलाह देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, ह्यदोनों पक्षों को टकराव बढ़ाने से परहेज करना चाहिए। मुद्दों को सुलझाने और स्थिति को शांत करने के लिए संवाद और कूटनीति के मौजूदा चैनलों का उपयोग किया जाना चाहिए। भारत के दोनों देशों से मित्रवत संबंध हैं और वह कोई भी सहायता करने के लिए तत्पर है।ह्ल इजरायल ने जिस दिन हमला किया उसी दिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर अपनी कार्रवाई से अवगत कराया। वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इजरायल और ईरान के विदेश मंत्रियों से बात की। बहुस्तरीय मंचों पर भी भारत इस समय ईरान या इजरायल में से किसी एक पक्ष के पीछे नहीं खड़ा हुआ है। शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ द्वारा 14 जून को जारी बयान में भारत ने यही रुख अपनाया। एससीओ ने बहुत कड़े शब्दों में इजरायली हमले की निंदा की। ईरान भी एससीओ का एक सदस्य है। बयान में कहा गया कि ईरान का नागरिक बुनियादी ढांचा, जिसमें ऊर्जा एवं परिवहन सुविधाएं भी शामिल हैं, पर इजरायली हमले से कई नागरिकों की मौत हुई। यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन एवं वैश्विक शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कदम है। दिलचस्प बात यह रही कि एससीओ के बयान में ईरान के परमाणु कार्यक्रम का भी उल्लेख था। इस संदर्भ में उसका यही कहना था कि ऐसे मामले शांतिपूर्ण कूटनीतिक एवं राजनीतिक माध्यमों के जरिये सुलझाए जाने चाहिए। इस समय चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, ईरान और मध्य एशियाई गणतंत्र (तुर्कमेनिस्तान को छोड़कर) एससीओ के सदस्य हैं। स्पष्ट है कि चीन और रूस ने मजबूती से ईरान का पक्ष लिया है, जबकि भारत उनके इस रुख से अपना कोई सरोकार नहीं रखना चाहता। इसीलिए विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष से कहा कि यह घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए घोर चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि तनाव को और भड़काने के बजाय जल्द से जल्द कूटनीतिक स्तर पर प्रयास किए जाएं। इस संदर्भ में विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि उसने एससीओ सदस्यों को अपने रुख से अवगत करा दिया है और एससीओ बयान पर चर्चा में भाग नहीं लिया। एससीओ के बयान में चीन और रूस का ईरान के पक्ष में झुकना उन्हें अमेरिका से इतर पाले में रखता है, क्योंकि अमेरिका खुलकर इजरायल के समर्थन में है। वास्तव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो ईरान को चेतावनी जारी की है कि या तो वह फिलहाल ठंडे बस्ते में पहुंची परमाणु मुद्दे की चर्चा से जुड़ी शर्तों को मान ले या फिर और तबाही झेलने के लिए तैयार रहे। अगर भारत की बात करें तो उसने एससीओ के बयान से तो अपना पल्ला झाड़ लिया है, लेकिन उसे दोनों पक्षों के साथ संतुलन साधने की राह में बड़ी सतर्कता से कदम रखने होंगे। जी-7 बैठक के लिए कनाडा जा रहे प्रधानमंत्री मोदी के लिए वहां यह एक कूटनीतिक कसरत सी बन जाएगी। ऐसे में बेहतर यही होगा कि वह यही रुख कायम रखें कि यह न तो युद्ध का समय है और न ही आतंकवाद का। वर्तमान परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा।

# लघु पाठ्यक्रम भी लड़कियों के लिए रोजगार पाने का साधन बन सकते हैं



विजय गर्ग

वर्तमान युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने अनेक उपयोगी खोज और आविष्कार करके हमारे जीवन को आसान और अधिक आरामदायक बना दिया है, लेकिन इसने हमें रोजगार पाने के लिए उच्च स्तरीय विज्ञान और तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी मजबूर कर दिया है। आज हमारे देश और राज्य में ऐसे कई डिप्लोमा और डिग्री कोर्स उपलब्ध हैं, जो हमें कम लागत और कम समय में प्रशिक्षण प्राप्त करके अच्छी आय अर्जित करने में सक्षम बनाते हैं। अब पारंपरिक कोर्स या पढ़ाई के लिए स्कूल या कॉलेज जाने का चलन कम होता जा रहा है। समय की जरूरतों की नब्ज को पहचानते हुए विभिन्न शिक्षण संस्थानों और केंद्रीय या राज्य संगठनों ने कई नए कोर्स शुरू किए हैं, जो रोजगार पाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

## बुनियादी शैक्षणिक योग्यता

अगर हम अपने आस-पास देखें तो पाएंगे कि तीन महीने से लेकर एक साल की अवधि वाले कई तकनीकी डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध हैं, जो हमें रोजगार दिलाने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, कंप्यूटर हार्डवेयर, डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग, वेब डेवलपर, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, कंटेंट राइटिंग और कॉपी राइटिंग आदि कई कोर्स ऑफलाइन या ऑनलाइन मार्केट में आसानी से उपलब्ध हैं, जो हमें जल्दी रोजगार दिला सकते हैं। सबसे खास बात यह है कि उपरोक्त कोर्स करने के लिए किसी बड़ी बेसिक शैक्षणिक योग्यता या बहुत अधिक अंकों की आवश्यकता नहीं होती है।

## आप आत्मनिर्भर बन सकते हैं.

इतना ही नहीं, अगर आप अपने टेक्नोलॉजी स्किल्स को बढ़ाने के इच्छुक हैं, तो आपके लिए भी बाजार में बहुत कुछ है। उदाहरण के लिए, अगर आप चाहें तो कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग, मोबाइल रिपेयरिंग कोर्स, इलेक्ट्रिसिटी कोर्स, रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर रिपेयर कोर्स और सोलर पैनल इंस्टॉलेशन कोर्स करके रोजगार पा सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। याद रखें कि कोई भी सरकार देश या राज्य के सभी शिक्षित या प्रशिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी कभी नहीं दे सकती, इसलिए स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बनाने वाले कम खर्च वाले और कम अवधि के कोर्स करके हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं और बेरोजगारी की पीड़ा से बच सकते हैं।

## व्यक्तिगत देखभाल और सौंदर्य उद्योग

अगर आपकी रुचि पर्सनल केयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में है, तो इस क्षेत्र में भी आपके लिए कई कोर्स उपलब्ध हैं। आप ब्यूटी थेरेपी कोर्स, नेल आर्ट कोर्स, मेहंदी कोर्स, मेकअप आर्टिस्ट कोर्स, हेयर स्टाइलिंग कोर्स, स्पा थेरेपी कोर्स, हेल्थ एंड फिटनेस कोर्स या फिजियोथेरेपी में ट्रेनिंग ले सकते हैं और हेल्थ एंड ब्यूटी इंडस्ट्री में काम करके अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र से जुड़े कुछ अन्य कोर्स भी हैं, जैसे योगा ट्रेनिंग, फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स और न्यूट्रिशन एंड डाइटीशियन कोर्स आदि। पंजाब सरकार ने योग प्रशिक्षकों की सरकारी भर्ती भी शुरू कर दी है।

## पाक कला पाठ्यक्रम

कुकिंग कोर्स अपने आप में एक अलग ही जगह रखते हैं। भारत में मध्यम वर्ग की बड़ी आबादी होने के कारण फास्ट फूड एक बड़े उद्योग की तरह विकसित हो रहा है। चूंकि मध्यम वर्ग का आर्थिक स्तर अच्छा है, इसलिए इस वर्ग के लोग बाजार का खाना पसंद करते हैं। यह बाजार का खाना टिफिन फूड, ढाबा फूड, रेस्तरां फूड या होटल फूड आदि के रूप में हो सकता है। स्ट्रीट फूड भारत में सबसे लोकप्रिय खाद्य उद्योग है। एक अच्छा कुकिंग कोर्स करके आप किसी अच्छे ढाबे, रेस्टोरेंट या होटल में शेफ की नौकरी पा सकते हैं या फिर घर बैठे अपना खुद का टिफिन बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

## विदेश जाने में सहायक

लब्बोलुआब यह है कि उपरोक्त सभी कोर्स न केवल आपको शिक्षित करते हैं बल्कि सुरक्षित भविष्य के लिए आपका सहारा भी बन सकते हैं। उपरोक्त कोर्स करके आप बिना कोई बड़ा निवेश किए घर बैठे नौकरी पा सकते हैं।

याद रखें कि वर्तमान और भविष्य का युग मैनुअल स्किल्स का है और सबसे अच्छी बात यह है कि ये सभी कोर्स विदेश जाने पर भी हमारे लिए मददगार साबित हो सकते हैं, लेकिन शर्त यह है कि ये कोर्स किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से और पूरी ईमानदारी और मेहनत से किए गए हों।

# प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष : माता अहिल्याबाई होल्कर के स्वप्नों को साकार करती सरकार

(नेहा बग्गा)

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से लेकर 2025 तक के 11 वर्षों में भारत में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा, गति और व्यापकता मिली है। उनके शासन में न केवल महिलाओं के लिए योजनाएं बनाई गईं, बल्कि उन्हें नीति निर्माण, प्रशासन, खेल और समाज के हर क्षेत्र में भागीदारी देने का प्रयास भी किया गया। यह शासन शैली देवी अहिल्याबाई होल्कर जैसी दूरदृष्टि और न्यायप्रियता से प्रेरित लगती है - जिनका प्रशासन महिला कल्याण, सामाजिक न्याय और सेवा भावना का प्रतीक था।

महिला आरक्षण,निर्णय जो इतिहास बना

2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम रहा। इस कानून के अंतर्गत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया। इस निर्णय ने दशकों से लंबित एक मांग को पूरा किया और लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने का सार्थक प्रयास किया।

महिला कल्याणकारी योजनाएं और उनका प्रभाव

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में अनेक योजनाएं शुरू की गईं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिला।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ - बालिकाओं के अस्तित्व और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान 2015 में शुरू हुआ। इससे लिंगानुपात में सुधार और बालिका शिक्षा में वृद्धि देखी गई।

उज्ज्वला योजना - गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। इससे उनके स्वास्थ्य और समय की बचत हुई। जन धन योजना - महिलाओं को वित्तीय समावेशन के तहत बैंक खाते मिले, जिससे वे आर्थिक रुप से मजबूत हुईं।

सुकन्या समृद्धि योजना- बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक उच्च ब्याज दर वाली बचत योजना बनाई गयी जिसके परिणाम भी अब दिखाई देने लगे हैं।

मातृत्व वंदना योजना - इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य लाभ के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। जिससे वे स्वयं स्वस्थ रहते हुए स्वस्थ संतान को जन्म दे सकें।

सेवा और प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी- मोदी सरकार ने नौकरशाही, सैन्य सेवाओं और पुलिस बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई है। अग्निपथ योजना के तहत महिलाओं को भी सैन्य सेवाओं में अवसर दिया गया। सीआरपीएफ और बीएसएफ में महिला बटालियनों की तैनाती की गई। मिशन कर्मयोगी के माध्यम से महिला अधिकारियों को प्रशासनिक कौशल में प्रशिक्षण और उन्नति के अवसर मिल रहे हैं। कई राज्यों में महिला पुलिस स्टेशन, महिला हेल्पलाइन और फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन महिला सुरक्षा के उद्देश्य से किया गया है।

खेलों में महिला शक्ति का उदय- प्रधानमंत्री मोदी ने खेलों में भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें नारी शक्ति का प्रतीक कहा। मीराबाई चानू, पीवी सिंधु, साक्षी मलिक, लवलीना बोरगोहेन के साथ-साथ नई पीढ़ी की कई महिला खिलाडि ?ों को हर मंच से सराहना मिली और उन्हें समर्थन मिला। खेलो इंडिया और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत महिला खिलाडि ?ों को आर्थिक मदद, प्रशिक्षण और विश्वस्तरीय संसाधन प्रदान किए गए।

देवी अहिल्याबाई की परंपरा का विस्तार- अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में नारी सम्मान, जनहित और धर्मनिष्ठ सेवा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने न केवल मंदिरों व सड़कों व धर्मशालाओं का निर्माण किया

## 'अमेरिकी दूतावास को बम से उड़ा देंगे'... वीजा न मिलने से आहत युवक ने दी धमकी, मुंबई पुलिस में मचा हड़कंप

**बीकेसी स्थित अमेरिकी दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर शनिवार रात दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को बीकेसी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद संदिग्ध कॉलर का लोकेशन परेल में ट्रेस किया गया, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बीकेसी स्थित अमेरिकी दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर शनिवार रात दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को बीकेसी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद संदिग्ध कॉलर का लोकेशन परेल में ट्रेस किया गया, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अमेरिका जाना चाहता था, लेकिन दूतावास द्वारा लगातार वीजा अस्वीकृत किया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था। इसी हताशा में उसने यह कदम उठाया। उसने अपने ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था। बीकेसी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 125 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, जांच में नहीं मिला 'विस्फोटक'शनिवार को जैसे ही संदिग्ध का कॉल आया, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि कॉलर ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि वह अगले दिन दूतावास में बम विस्फोट करेगा। यह कॉल शनिवार रात 8:41 बजे ड्यूटी पर तैनात कंट्रोल ऑफिसर टी. अमरगानी को प्राप्त हुआ था। अमरगानी ने धमकी भरी बात सुनते ही इसकी सूचना 62 वर्षीय वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी एनडी मारोलिया को दी

## मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में भारी बारिश, नदियां खतरे के निशान के पार, अब तक 18 की मौत, मौसम विभाग का बड़ा अलर्ट

**मुंबई समेत राज्य में भारी बारिश हुई। कई जगहों पर जलभराव से यातायात बाधित हुआ। पुणे में नदियां खतरे के निशान को पार कर गईं। लोनावला में भुशी डैम ओवरफ्लो हो गया और पर्यटकों की भीड़ बढ़ गई। उल्हासनगर में नाले पर बने पुल के ढहने से सड़क बंद हो गई।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः पिछले दो दिनों से मुंबई समेत पूरे राज्य में भारी बारिश हो रही है। इस बारिश का सीधा असर मुंबई लोकल पर पड़ा है। पुणे की कुछ नदियां भी खतरे के निशान को पार कर गई हैं। पूरे राज्य में बारिश हो रही है। असल में इस साल राज्य में मानसून जल्दी आ गया है। हालांकि किसानों ने अभी तक बुवाई शुरू नहीं की है। भारी बारिश के कारण नागरिकों का सामान्य जीवन भी अस्त-व्यस्त हो रहा है। वहीं महाराष्ट्र में एक जून से अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 18 लोगों की जान गई और 65 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उधर, मौसम विभाग ने अगले 16 घंटे में रायगढ़ और पुणे और सतारा जिलों के घाट वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि मुंबई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई के निचले इलाकों में भरा पानीमुंबई में सुबह से ही लगातार बारिश होने से निचले इलाकों में पानी भर गया है। मुंबई में मेट्रो 1 की सेवा सोमवार दोपहर को बंद कर दी गई। आजाद नगर रेलवे स्टेशन पर ओवरहेड में तिरपाल फंसने के कारण यह तकनीकी खराबी आई। 15 मिनट बाद यातायात बहाल हो गया। घाटकोपर में भी पानी भरता दिख रहा है। लांजा बस स्टैंड पानी से लबालब है। भूस्खलन के कारण रत्नागिरी काशेडी सुरंग ढह गई है। लोनावला में भुशी डैम ओवरफ्लो हो गया है और पर्यटकों का हुजूम उमड़ रहा है। पुणे में जगबुडी नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। भारी बारिश के कारण लोनावाला में भुशी बांध 100 प्रतिशत भर गया है और ओवरफ्लो हो गया है।उल्हासनगर के गणेश नगर इलाके में नाले पर बना पुल ढहा

उल्हासनगर में 500 से अधिक घरों तक पहुंच अवरुद्ध हो गई है। नाले पर बने पुल के ढहने का दृश्य सीसीटीवी में कैद हो गया है। भारी बारिश के कारण नाले पर बना पुल टूट गया है। भारी बारिश के कारण उल्हासनगर के गणेश नगर इलाके में नाले पर बना पुल ढह गया है। इस घटना के कारण लोग अपने घरों से भी नहीं निकल पा रहे हैं। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण चिपलून में वशिष्ठी नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

### पिरंगुट इलाके में तबाही

बारिश के कारण पिरंगुट में कब्रिस्तान भी जलमग्न हो गया है। पुणे के मुलशी तालुका में रात भर हुई भारी बारिश ने पिरंगुट इलाके में तबाही मचा दी है। पुणे-कोलाड हाईवे पर अस्थायी रूप से बनाया गया तटबंध बाढ़ के पानी में बह गया है। बारिश की तीव्रता अभी भी दिखाई दे रही है।

## फास्ट ट्रैक

## मध्य रेल पर 126वी ZRUCC बैठक का आयोजन - प्रतिनिधि चुने गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल पर 126वीं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) की बैठक दिनांक 05.06.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कुल 44ZRUCCसदस्य उपस्थित थे। विभिन्न रेलवे संबंधी मुद्दों पर चर्चा के अलावा, निम्नलिखित सदस्यों को भी प्रतिनिधि के रूप में चुना गया, जैसा कि नीचे दिए गए विवरण में बताया गया हैः श्री नितिन सोहनलाल परमार, सदस्य ZRUCC को उपनगरीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) में सेवा करने के लिए प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। श्री अजय दुबे, सदस्य ZRUCC को दावों की रोकथाम के उपायों के संबंध में मध्य रेल पर स्पॉट जाँच करने के लिए प्रतिनिधि के रूप में चुना गया।वर्तमान ZRUCC का कार्यकाल दिनांक 30.09.2026 तक है।

## बीड सरपंच संतोष देशमुख की हुई थी हत्या, बेटी वैभवी ने NEET पास कर पूरा किया पिता का सपना, अजित पवार ने दी बधाई

**बीड के पूर्व सरपंच संतोष देशमुख की बेटी वैभवी देशमुख ने NEET परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने पिता का सपना पूरा किया है, जिनकी पिछले साल हत्या कर दी गई थी। उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने वैभवी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे चुनौतियों का सामना करने का सबक बताया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणे : बीड के पूर्व सरपंच संतोष देशमुख की बेटी वैभवी देशमुख ने NEET परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी सराहना की। गौरतलब है कि संतोष देशमुख की पिछले साल 9 दिसंबर को नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड ने राष्ट्रीय सुर्खियां बटोरी थीं और पूरे राज्य में राजनीतिक हलचल मच गई थी।एक्स पर एक पोस्ट में बीड के संरक्षक मंत्री अजित पवार ने कहा कि वैभवी की उपलब्धि अकैडमिक उपलब्धि से कहीं आगे है और यह चुनौतियों का डटकर सामना करने का सबक है।क्या बोली वैभवी देशमुखअजित पवार ने कहा, 'वैभवी ने यह कठिन हालात में अपने दृढ़ संकल्प की वजह से किया। यह निश्चित रूप से पूरी पीढ़ी को प्रेरित करेगी।' बता दें कि वैभवी देशमुख ने 12वीं की परीक्षा में भी 85.33% अंक हासिल किए थे। परीक्षा के परिणाम आने के बाद उन्होंने अपने पिता की तस्वीर के सामने कहा था, 'मैं उनके बाद उनके सपने को पूरा करने की कोशिश कर रही हूं। मुझे अफसोस है कि आज मेरे पिता मेरी पीठ थपथपाने के लिए मौजूद नहीं हैं।' यह है मामलापिछले साल दिसंबर में एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने की कोशिश करने पर संतोष देशमुख का अपहरण कर लिया गया। उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में अजित पवार की से जुड़े धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड को कई अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था। मुंडे को विपक्षी महा विकास आघाडी और सत्तारूढ़ महायुति के नेताओं के हमलों के बीच देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना



## मुंबई में रोज 27 लोगों को हो रहा कोविड, महाराष्ट्र में बढ़ते कोरोना ने बढ़ाई चिंता, ऐसे लोग रहें अलर्ट

**मुंबई में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, खासकर कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिए चिंता का विषय है। डॉक्टरों ने अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों को अपनी इम्युनिटी बढ़ाने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। बढ़ते केस चिंता भी बढ़ा रहे हैं।**




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : मॉनसूनी बीमारियों के साथ इस बार मुंबईकरों को कोविड संक्रमण से बचने की जरूरत है। जून में अब तक रोज औसतन 27 लोग कोविड से संक्रमित हुए हैं। जबकि मई में औसतन रोज 14 लोग संक्रमित हुए थे। मुंबई के डॉक्टरों ने लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का सुझाव दिया है। खासकर उन लोगों को, जो अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं और जिनकी इम्युनिटी कमजोर है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को मुंबई में कोविड के 22 नए मरीज मिले हैं। इस वर्ष मई में ही कोविड संक्रमण ने गति पकड़ी। जनवरी में 1, फरवरी में 1, मार्च में 0, अप्रैल में कोविड के 4 ही मामले मिले थे, लेकिन मई में 435 लोग कोविड संक्रमित मिले और जून के पहले 15 दिनों में 410 लोग कोविड की जद में आ चुके हैं। यानी इस वर्ष जनवरी से लेकर अबतक कुल 851 लोग कोविड से संक्रमित पाए गए हैं।

### एडमिट करने की नहीं पड़ रही जरूरत

बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने सभी पॉजिटिव आनेवाले मरीजों के सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजने का निर्देश दिया है। इसी बीच कोविड-19 के ऋत्र्ङ्क, छत्र्ङ्क.7 और ठइ.1.8.1 सब वेरिएंट भी मिले हैं। मुंबई में अबतक 5 कोविड संक्रमितों की मौत हुई है। हालांकि इनमें सभी को किसी न किसी प्रकार की अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। केईएम अस्पताल के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. तुषार बंडगर ने बताया कि डायबीटीज से जूझ रहे लोगों की इम्युनिटी पहले ही कमजोर होती है। ऐसे में अगर उन्हें कोविड या कोई भी वायरल इन्फेक्शन होता है, तो कॉम्प्लिकेशन की संभावना कहीं ज्यादा होती है। इसलिए सालाना वैक्सीनेशन बेहद जरूरी है। यह संक्रमण को नहीं रोकता, लेकिन उसकी गंभीरता को कम जरूर करता है।बॉम्बे अस्पताल के फिजिशन डॉ. गौतम भंसाली ने बताया कि कोविड के केसेस में थोड़ी वृद्धि हुई है, लेकिन अच्छी बात यह है

## बीएमसी चुनाव चुनाव की रणनीति बनाने के लिए जुटी शरद पवार की एनसीपी, मुंबई में सीनियर्स ने कार्यकताओं में भरा जोश

**महाराष्ट्र में महानगर पालिका चुनावों के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। एनसीपी(शरद गुट) ने इटउ में भ्रष्टाचार को लेकर शिंदे सेना पर हमला बोला है। वहीं उद्धव ठाकरे गुट कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने में जुटा है। शिवसेना में फूट के पीछे रश्मि ठाकरे के निर्णयों को वजह बताया जा रहा है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र में महानगर पालिकाओं के चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी राजनीतिक दलों की निगाह मुंबई महानगर पालिका पर है। एनसीपी शरद पवार गुट भी मुंबई महानगर पालिका चुनाव की तैयारी में जुट गया है। एनसीपी (शरद गुट) की 26वीं वर्षगांठ के मौके पर मुंबई के घाटकोपर स्थित पंतनगर में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयंत पाटील ने बीएमसी में भ्रष्टाचार के लिए सत्ताधारी बीजेपी और शिंदे सेना पर जोरदार हमला बोला। साथ ही लोगों की सहानुभूति और विश्वास को पार्टी की असली ताकत बताते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और बीएमसी चुनाव में जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपने वॉर्ड में तैयारी करने को कहा। पाटील ने कहा, बीएमसी चुनाव में महागठबंधन का मेयर बनाना है।तेजी से घट रहा इटउ का फिक्स डिपॉजिटपाटील ने आरोप लगाया, बीएमसी का फिक्स्ड डिपॉजिट तेजी से कम हो रहा है और विकास के नाम पर सिर्फ घोषणाएं ही की जा रही हैं। उन्होंने कहा, मुंबई में सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, ट्रैफिक जाम से लोग परेशान हैं, बारिश के दिनों में जगह-जगह जलभराव होता है, पीने के पानी की समस्या है। फिर बीएमसी का हजारों करोड़ रुपये कहां जाता है।?

### मुंबई के महत्व को कम करने की हो रही साजिश

पाटील ने आरोप लगाया, मुंबई को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। मुंबई के प्रमुख ऑफिस को दूसरे राज्य में शिफ्ट किया जा रहा है। 26/11 के आतंकी हमलों के बाद मुंबई की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय समुद्री पुलिस अकादमी और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब यह गुजरात में बनेगा। मुंबई के हीरा बाजार क्रौसों के लिए निष्ठा मत छोड़ें : ठाकरे

बीएमसी चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने में शिवसेना (उद्धव गुट) भी जुट गई है। रविवार को सेना भवन में आयोजित बैठक में उद्धव ठाकरे ने शाखा प्रमुखों को संबोधित किया। ठाकरे ने कहा, पैसे का लालच देकर पार्टी को तोड़ने की कोशिश हो रही है, लेकिन जो लोग यह काम कर रहे हैं

## मुंबई के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, अलर्ट पर पुलिस

**अलर्ट के बाद, देवनार और समता नगर से पुलिस दल तुरंत संबंधित परिसरों में पहुंचे, गहन तलाशी ली और सुरक्षा प्रोटोकॉल को कड़ा किया। हालांकि, अब तक जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई के कई इलाकों में तनाव फैल गया, जब दो प्रमुख स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, देवनार में कनकिया इंटरनेशनल स्कूल और समता नगर में रयान इंटरनेशनल स्कूल को परेशान करने वाले संदेशों में निशाना बनाया गया, जिसमें न केवल संस्थानों को धमकी दी गई, बल्कि मुंबई के विभिन्न हिस्सों में बम विस्फोटों की भी चेतावनी दी गई। अलर्ट के बाद, देवनार और समता नगर से पुलिस दल तुरंत संबंधित परिसरों में पहुंचे, गहन तलाशी ली और सुरक्षा प्रोटोकॉल को कड़ा किया। हालांकि, अब तक जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।संबंधित धाराओं के तहत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है

## महाराष्ट्र : रिश्वत के मामले में पूर्व स्टेशन मास्टर 16 साल बाद बरी

**सीबीआई ने उसी दिन दावा किया कि उन्होंने मीणा को 2,500 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। विक्रेता की शिकायत के आधार पर मीणा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपित किया गया।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने 2009 के रिश्वत के एक मामले में एक पूर्व स्टेशन मास्टर को बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सूर्यकांत एस शिंदे ने नौ जून के अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष रामकरण पंचूराम मीणा के खिलाफ किसी भी आरोप को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा जिस पर फल विक्रेता से रिश्वत मांगने का आरोप था। आदेश की एक प्रति रविवार को उपलब्ध हो सकी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, विक्रेता सोनू राशिद राईन ने आरोप लगाया था कि 13 जून 2009 को दिवा रेलवे स्टेशन मास्टर मीणा ने उसे ठाणे जिले में ट्रेनों और स्टेशन परिसर में फल बेचने की अनुमति देने के लिए 1,000 रुपये प्रति माह और पिछले महीनों के लिए अतिरिक्त 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने उसी दिन दावा किया कि उन्होंने मीणा को 2,500 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है।


**पश्चिम रेलवे**

**ओवरहॉलिंग, सफाई, पेंटिंग कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे, कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013 द्वारा **निविदा सूचना क्रमांक : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/65, दिनांक : 12.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : दर की अनुसूची तथा कार्य के विस्तार के अनुसार लोअर परेल वर्कशॉप, मुंबई में बीएलडीसी कैरिएज फैन्स की ओवरहॉलिंग, क्लीनिंग, पेंटिंग और परिवहन. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 43,22,188.08. **ईएमडी** : रु. 86,500/-. **जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 02.07.2025 को 12.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 02.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0264

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एससीएडीए प्रणाली का उन्नयन /सुधार**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सब), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांकः डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसयूबी (ईएसपीटी)/7/2025, दिनांकः 13.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नामः** मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे के बोरीवली-डहाणू रोड उपनगरीय अनुभाग के बीच साइबर सुरक्षा के कार्यान्वयन सहित एससीएडीए प्रणाली का उन्नयन / सुधार. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 10,28,15,000/-. **बोली सुरक्षा** : रु. 6,64,100/-. जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 17.07.2025, दोपहर 15:00 बजे तक. **खोलने की तिथि एवं समयः** 17.07.2025, दोपहर 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0266

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/36/2025 दिनांक 12.06.2025**

| अ. क्र. | आइटम्स का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 308 | हाई रीच पैंटोग्राफ टाइप-एलएक्स3600, मेक-एफटीआरटीआईपीएल हेतु टीओएच किट | 127 सेट | 09-जुलाई – 25 |
| 309 | वीएचएफ डिजिटल वॉकी टॉकी सेट 5 वॉट (विनिर्दे. क्र. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018) | 2000 सेट | 10-जुलाई – 25 |
| 310 | के टाइप नॉन एस्बेस्टॉस कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक्स | 93261 नग | 21 – जुलाई – 25 |
| 311 | सीएनसी पोर्टल व्हील लेथ की आपूर्ति, फाउंडेशन, अधिष्ठापन और क्रियान्वयन | 1 नग | 28-जुलाई-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया निविदा सूचना क्र. एस-26-2025 दिनांक : 05.05.2025 में अ.क्र. 214 हेतु निर्धारित तिथि को 24.06.2025 पढ़ें.

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें. 0261

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

**महाराष्ट्र सरकार**

**सार्वजनिक निर्माण विभाग**

**कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विशेष परियोजना विभाग, आरे, मुंबई 400065**

**ई-मेलः spaarey.ee@mahapwd.com, दूरभाषः 022-29272447**

**निविदा सूचना क्र. 8, वर्ष 2025–2026**

कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विशेष परियोजना विभाग, आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई 400065 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "बी-1" प्रपत्र में ऑनलाइन निविदा (ई-निविदा) महाराष्ट्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सक्षम निविदादाताओं से आमंत्रित की जाती है. निविदा दस्तावेज **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाए उपरोक्त ई-निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है. सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | सर्वे नं. 101पीटी (सीएच 0.00 से 2183.00), सर्वे नं. 10 काजुपाडा-महाराज मंदिर एवं सर्वे नं. 99, रेंज थिऊर, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की चेना सीमा पर प्रबलित सीमेंट कॉक्रीट कंपाउंड वॉल का निर्माण | 10,88,01,632.00 |

ई-निविदा कार्यक्रम :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड करने की अवधि | दिनांक 17/06/2025 @15:00 बजे से दिनांक 25/06/2025 @15:00 बजे तक |
| 2 | पूर्व-बोली बैठक | दिनांक 20/06/2025 @15:00 बजे, कार्यालयः मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बांधकाम भवन, मर्जबान रोड, मुंबई 400001 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि (ऑनलाइन) | दिनांक 26/06/2025 @15:15 बजे, कार्यालयः अधीक्षण अभियंता, मुंबई निर्माण सर्कल, चेंबूर, मुंबई 400071 |

ई-निविदा से संबंधित सभी जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध हैः
1. https://mahapwd.com 2. https://mahatenders.gov.in
(यदि निविदा सूचना में कोई परिवर्तन होता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा)
यह निविदा सूचना कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विशेष परियोजा विभाग, आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई – 400065 के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है.
क्रमांकः ईई/पीडब्ल्यू/एसपीडी/आरे/टीसी/1113
कार्यालयः कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विशेष परियोजना विभाग, आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई – 400065
दिनांकः 11/06/2025

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक निर्माण विशेष परियोजना विभाग
आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई–65

डीजीआयपीआर/2025-2026/1185

**पश्चिम रेलवे**

**अपशिष्ट सामग्री का निष्कासन एवं निपटान**

वरि. डीईएन (दक्षिण), एमएमसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांकः बीसीटी/25-26/88, दिनांक 13.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थानः चर्चगेट-विरार अनुभाग** : एडीईएन (टी/एस) पीएल अनुभाग अंतर्गत पटरियों से कीचड़, कचरा, प्लास्टिक, प्लास्टिक बैग, कागज और अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाना एवं निपटान. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 1,17,15,686.80. **ईएमडीः** रु. 2,08,600/-. **जमा करने की तिथि एवं समयः** 08.07.2025, दोपहर 15:00 बजे तक. **खोलने की तिथि एवं समयः** 08.07.2025, दोपहर 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0263

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत/रिकंडीशनिंग/ ओवरहॉलिंग कार्य**

वरि. डीईई/टीआरएस/बीएल, इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड द्वारा **ई-निविदा क्र. : ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/22, दिनांक : 12.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : दो वर्षों की अवधि हेतु वलसाड स्थित लोकोमोटिव्ज में सुसज्जित मेसर्स ईएलजीआई मेक 1750 एलपीएम ऑइल लुब्रिकेटेड मेन कम्प्रेसर्स की मरम्मत/रिकंडीशनिंग/ओवरहॉलिंग. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 6,36,82,806.84. ईएमडी : रु. 4,68,400/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 08.07.2025 को 12.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 08.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0260

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**भंडार विभाग**

**पी-वे तथा अन्य विविध स्क्रैप हेतु जुलाई 2025 के दौरान ई-नीलामी बिक्री**

**विशेष ध्यानार्थ :**

**सभी स्टील क्रेता एवं रि-रोलर्स**

पी.वे स्क्रैप, रेल स्क्रैप तथा अन्य विविध स्क्रैप सामग्री के निपटान हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार जुलाई 2025 में सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित की जायेगी :-

| पहला राउंड | दूसरा राउंड | डिपो/ मंडल | प्रभारी अधिकारी | संपर्क क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 02/07/2025 | 16/07/2025 | रतलाम | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – आरटीएम | 07412230080 09752492750 |
| 03/07/2025 | 17/07/2025 | वडोदरा | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – बीआरसी | 02652641592 09724091750 |
| 04/07/2025 | 18/07/2025 | साबरमती | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – एसबीआई | 07927500080 09724093774 |
| 07/07/2025 | 21/07/2025 | मुंबई सेंट्रल | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – एमएमसीटी | 022-23094142 09004499006 |
| 08/07/2025 | 22/07/2025 | भावनगर | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – बीवीपी | 02782444360 09724097750 |
| 09/07/2025 | 23/07/2025 | अहमदाबाद | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – एडीआई | 07922205888 09724093750 |
| 11/07/2025 | 24/07/2025 | प्रतापनगर | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – पीआरटीएन | 0265-2658858 9724045550 |
| 14/07/2025 | 25/07/2025 | दाहोद | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – डीएचडी | 02673241295 09724090455 |
| 15/07/2025 | 28/07/2025 | महालक्ष्मी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – एमएक्स | 022-24929571 09004495750 |
| 15/07/2025 | 28/07/2025 | पारडी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – एमएक्स | 022-24929571 09004495750 |
| 15/07/2025 | 30/07/2025 | राजकोट | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – आरजेटी | 02812476943 09724093750 |

विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संबंधित डिपो /मंडल अधिकारियों से संपर्क करें.
**टिप्पणी** : 1) रेलवे के पास ई-नीलामी से किसी भी लॉट को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है.
2) ई-नीलामी निर्धारित समय के अनुसार आरंभ होगी.
3) ई-नीलामी पुस्तिका साइट **www.ireps.gov.in** ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध है.
4) ई-नीलामी, डिजीटल हस्ताक्षर, पंजीकरण प्रक्रिया तथा सहभागिता के संबंध में किसी भी पूछताछ के लिये कृपया उपरोक्त निर्दिष्ट डिपो/मंडल अधिकारी से संपर्क करें.
5) सभी भुगतान लेनदेन ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के जरिये ही होने चाहिये. **(क्र. एस/एसIII/नीलामी कार्यक्रम – 1/जुलाई 2025, दिनांक : 06.06.2025)** 0265

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

# घरेलू कामगार महिलाओं ने विधायक संजय केलकर का व्यक्त किया आभार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , घरेलू कामगार दिवस के अवसर पर घरेलू कामगार बहनों ने ठाणे शासकीय विश्राम गृह के बाहर अपने कामगार मित्र विधायक संजय केलकर से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक केलकर ने इन घरेलू कामगारों को फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी। वे हमेशा कामगारों के पीछे मजबूती से खड़े रहते हैं इसलिए उन्हें कामगारों का समर्थक माना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ( आय एल ओ ) ने16 जून को विश्व घरेलू कामगार दिवस घोषित किया है।8 मार्च, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की तरह, 16 जून को भी पूरे देश में घरेलू कामगारों द्वारा मनाया जाता है।इस वर्ष के विश्व घरेलू कामगार दिवस का महत्व यह है कि इस वर्ष 29 जनवरी, 2025 को हमारे माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला दिया है कि पूरे देश में घरेलू कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला कानून बनाया जाना चाहिए।इस फैसले से घरेलू कामगारों में अपार खुशी का माहौल है।इस खुशी के फैसले का विधायक केलकर के साथ-साथ इन घरेलू कामगारों ने भी स्वागत किया। इस दौरान केलकर ने इन श्रमिकों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनसे बातचीत की।इस दौरान कल्याण क्षेत्र के 300 घरेलू कामगार 16 जून को विश्व घरेलू कामगार दिवस पर मानव श्रृंखला के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के प्रति अपना आभार व्यक्त करेंगे।इस विश्व घरेलू कामगार दिवस का संदेश जनता तक पहुंचाएंगे।केलकर ने इन घरेलू कामगारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे उन्हें सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनकी पेंशन, न्यूनतम वेतन और सुरक्षा आदि शामिल हैं।

# ठाणे मनपा स्कूलों में उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,स्कूल का पहला दिन हर विद्यार्थी के लिए अलग होता है।किसी का पहला कदम, किसी का नया स्कूल, नई क्लास, नया बैच, नए शिक्षक, पुराने लेकिन नए मिले दोस्त, आज का दिन विद्यार्थियों के लिए भी खास रहा। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक संजय केलकर, विधायक राजेश मोरे एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों, मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों का विशेष स्वागत किए जाने के कारण स्कूल का पहला दिन और भी खास हो गया।ठाणे मनपा के विद्यालयों में आज का प्रवेशोत्सव विद्यार्थियों के लिए विशेष आनंददायी रहा।आज सोमवार से नए शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत हुई।इसके तहत स्थानीय सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण, विद्यार्थियों का स्वागत और विद्यालय को गोद लेने की गतिविधियों के अवसर पर प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।इस गतिविधि में राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने वर्तकनगर स्थित मनपा स्कूल



क्रमांक 44 में विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की और नई पुस्तकें वितरित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देने के लिए राज्य सरकार की प्रवेशोत्सव गतिविधि के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, शिक्षा अधिकारी कमलाकांत मेहेत्रे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सांसद नरेश म्हस्के ने किसन नगर स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 23 के विद्यार्थियों को गुलाब और चॉकलेट देकर स्वागत किया। आज विद्यालय का पहला दिन है।इस विद्यालय के विद्यार्थी रहे राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आज नहीं आ सके।लेकिन उनका ध्यान इस विद्यालय पर है।जिस प्रकार आज का पहला दिन उत्साह के साथ शुरू हुआ, उसी प्रकार हर दिन उत्साह के साथ सीखें और अपने माता-पिता और स्कूल का नाम ऊंचा करें, अपने शिक्षकों का सम्मान करें, ऐसी शुभकामनाएं सांसद नरेश म्हस्के ने विद्यार्थियों को दीं। उसके बाद सांसद नरेश म्हस्के ने टेंभीनाका स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 07 में भी विद्यार्थियों का स्वागत किया। विधायक संजय केलकर ने आजाद नगर स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 55 में विद्यार्थियों के साथ प्रवेशोत्सव मनाया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकें और भोजन वितरित किया। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने प्रवेशोत्सव पहल की सराहना की और शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक एकनाथ मढ़वी उपस्थित थे। विधायक राजेश मोरे ने खिड़काली स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 89 में विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुलाब की पंखुड़ियां और नई पुस्तकें वितरित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल सफलता और आनंददायक शिक्षा की शुभकामनाएं दीं।इसके साथ ही मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों ने 100 स्कूल विजिट और दत्तक विद्यालय योजना के तहत स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत भी किया। अपर आयुक्त (1) संदीप मालवी ने कलवा में स्कूल क्रमांक 69 और किसन नगर में स्कूल क्रमांक 23 में विद्यार्थियों का स्वागत किया। जबकि अपर आयुक्त (2) प्रशांत रोडे ने ज्ञानसाधना में स्कूल क्रमांक 18 में विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके साथ ही मनपा अभियंता प्रशांत सोनागरा, परिवहन प्रबंधक भालचंद्र बेहरे, उपायुक्त मनीष जोशी, उपायुक्त जी. जी. गोदेपुरे, उपायुक्त सचिन सांगले, उपायुक्त उमेश बिरारी, उपायुक्त दिनेश तायड़े, उपायुक्त मधुकर बोडके, उपायुक्त अनघा कदम, उपायुक्त मिताली संचेती, उपायुक्त शंकर पटोले, सभी सहायक आयुक्त, वरिष्ठ अधिकारियों ने भी स्कूलों का दौरा किया और विद्यार्थियों का स्वागत किया। हरित ठाणे अभियान के तहत उद्यान विभाग और वृक्ष प्राधिकरण ने स्कूल के पहले दिन के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया था।

फास्ट ट्रैक

# 14 साल की लड़की घर से भागी

## 10 हजार रुपए और जेवर लेकर अज्ञात युवक के साथ फरार, मां ने थाने में दी शिकायत





शाहजहांपुर, थाना कलान क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। लड़की मि माँ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मां ने पुलिस को बताया कि वह 11 जून को बदायूं के कटरा सहादतगंज में एक वारात में शामिल होने गई थी। इस दौरान उनकी 14 वर्षीय बेटी घर पर थी।उसके के अनुसार, उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया।शिकायत में बताया गया कि लड़की घर से पायल और 10,000 रुपए भी साथ ले गई है।परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन परवीन का कहीं पता नहीं चल सका।पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नौगवां मुबारिकपुर में चोरी

## स्कूल की दीवार फांदकर घर में घुसे चोर, एक लाख नकद समेत जेवरात ले गए

कलान, थाना क्षेत्र के नौगवां मुबारिकपुर गांव में चोरों ने एक बंद मकान से लाखों की चोरी कर ली। प्राथमिक स्कूल के पास स्थित रामचरन के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। घटना का पता तब चला जब सुबह सफाई के लिए आई महिला ने मेन गेट की कुंडी अंदर से बंद देखी।वह पड़ोसी के मकान से भीतर गई तो कमरे खुले देख चीख पड़ी। उसकी आवाज सुनकर उसका पति और गांववासी मौके पर पहुंचे।रामचरन के तीन बेटे और बहुएं नौकरी के कारण दूसरे प्रदेशों में रहते हैं। उनका सारा घरेलू सामान मकान में ही रखा था। चोर स्कूल की दीवार से होकर मकान में घुसे।उन्होंने कमरों के ताले तोड़कर सेफ और बक्से खंगाल डाले। चोर एक लाख रुपए नकद के साथ मंगलसूत्र, पायल, बिछुए, झाले, हाथफूल और मांगबेंदा समेत लाखों के जेवरात ले गए।एसएचओ प्रभाष चन्द्र ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।



# निगोही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव

## मरीज और तीमारदार फिसल कर हो रहे घायल, मच्छरों का भी खतरा

शाहजहांपुर, निगोही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बारिश का पानी भर गया है।इससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हुई रिमझिम बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं अस्पताल में जलभराव ने समस्याएं खड़ी कर दी हैं। अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर बरामदे तक पानी भरा हुआ है। मरीजों और उनके तीमारदारों को इसी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। जलभराव के कारण कई लोग फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। इसके

# स्ट्रीट लाइट को रौंदते हुए डिवाइडर पर चढ़ा डंपर, पेड़ की डाल गिरने से एक कार और सुरक्षा दीवार गिरने से दो मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , घोड़बंदर रोड से ठाणे की ओर आ रहा एक टाटा डंपर स्ट्रीट लाइट को ठोकर मारते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया। इस दुर्घटना के चलते करीब 40 मिनट ठाणे की ओर आने वाली लेन पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा। शहर में आज रात से शुरू बारिश से दो स्थानों में सुरक्षा दीवार गिरने, दो पेड़ गिरने की घटना हुई है। शहर के कुछ स्थानों में पानी भरने की जानकारी सामने आई है लेकिन कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है। मनपा आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब सात बजे टाटा डंपर क्रमांक एमएच 48/ सीवी 6285 पातलीपाड़ा ब्रिज के निकट डिवाइडर से टकराते हुए स्ट्रीट लाइट के खंभे को ठोकर मारकर गिरा दिया। मनपा आपदा प्रबंधन और कासर वडवली पुलिस करें मि मदद से डंपर को हटाकर साइड में किया। इसके बाद यातायात सुचारू हुई। शरवरी इंटर प्रायजेज के डंपर को चालक आदिम पठान घोड़बंदर रोड से ठाणे की ओर लेकर आ रहा था उसी दौरान डिवाइडर से टकराने की दुर्घटना हुई , संयोग से कोई घायल नहीं हुआ है। बिजली कर्मचारियों द्वारा बिजली आपूर्ति बंद करके गिरे हुए खंभे को सड़क के एक तरफ कर दिया गया।घटनास्थल पर लगभग 40 मिनट की मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त डम्पर को क्रेन की मदद से सड़क के एक तरफ कर दिया गया है। राबोडी पुलिस थाने के सामने खड़ी इनोवा कार पेड़ की डाल गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई है। चंदनवाड़ी सिद्धेश्वर तालाब क्षेत्र के शहीद उद्यान की 6 फुट ऊंची 15 फूट लंबी सुरक्षा दीवार गिर गई ।इस घटना में पास खड़ी दो मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं लोकमान्य नगर , सिद्धिविनायक पार्क की 5 फूट ऊंची और 25 फुट लंबी सुरक्षा दीवार गिर गई है।कावेसर घोड़बंदर रोड के कॉसमॉस पार्क के सामने एक पेड़ गिर गया। वर्तक नगर वेदांत कॉम्प्लेक्स के सामने सड़क पर एक पेड़ गिर गया। शहर आज 51 मिमी बारिश हुई है जबकि इस मानसून में कुल 471 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है । गत वर्ष इस अवधि में मात्र 146 मिमी बारिश हुई थी।

# सोनाले जिप स्कूल में जिलाधिकारी ने बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , नए शैक्षणिक के अवसर पर जिला परिषद के सोनाले स्कूल में ग्रामीणों की भागीदारी के साथ पारंपरिक रूप से बड़े उत्साह के साथ स्कूल प्रवेश समारोह मनाया गया।इस समारोह में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने छात्रों का उत्साह का उत्साह वर्धन करते हुए स्वागत किया। इस कार्यक्रम में प्रांताधिकारी अमित सानप, शिक्षणाधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब राक्षे, तहसीलदार अभिजीत खोले, गट विकास अधिकारी गोविंद खामकर, विस्तार अधिकारी (शिक्षा) आशीष झुंजाराराव, गट शिक्षा अधिकारी संजय असवाले, साथ ही सरपंच मायाताई तारे व ग्राम पंचायत के सभी सदस्य, ग्राम पंचायत के सभी कर्मचारी, ग्राम विकास अधिकारी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्य, सोनाले क्षेत्र के पुलिस पाटिल, अभिभावक व ग्रामीण, शाला के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान से हुई।उसके बाद नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया।शाला को विभिन्न रंग-बिरंगे गुब्बारों, रंगोली व सजावट से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। लेजिम व ढोल ताशा की ध्वनि से नए बच्चों व गणमान्यों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का दिल जीत लिया। आज पहले ही दिन 20 बच्चों को कक्षा1 में प्रवेश दिया गया तथा सभी नव प्रवेशित बच्चों को विद्यालय की पाठ्य पुस्तकें, नई गणवेश, लेखन सामग्री, जूते-मोजे, साथ ही गणमान्य व्यक्तियों द्वारा नोटबुक प्रदान की गई।जिलाधिकारी अशोक शिनगारे ने अपने भाषण में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को गुणवत्ता आधारित शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार और प्रशासन सजग है।जिला परिषद स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता, पहल और मूल्यांकन के सभी पहलुओं में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं।प्रत्येक अभिभावक का यह कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में प्रवेश दिलाएं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने कहा कि जिला परिषद यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहे बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शक बने।शाला प्रवेशोत्सव जैसी गतिविधियां समाज में शैक्षिक जागरूकता पैदा करने में उपयोगी हैं।अभिभावकों को अपने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ जिला परिषद स्कूलों में प्रवेश दिलाना चाहिए, यह उनकी वास्तविक सामाजिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की सफलता में स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत और माता-पिता समूहों का बहुत बड़ा योगदान रहा।इस कार्यक्रम से पता चला कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच बन रही है। कार्यक्रम का परिचय प्रधानाध्यापक पुष्पावती भोईर ने दिया तथा संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर शिक्षक विजयकुमार जाधव ने किया।इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत जिलाधिकारी तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने वृक्षारोपण किया। विद्यालय प्रवेशोत्सव केवल शैक्षणिक गतिविधि तक सीमित नहीं था, बल्कि यह ग्रामीणों की एकता, अभिभावकों के विश्वास तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

# महिलाओं को देखकर अश्लील गाने गाए

- विरोध करने पर दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





शाहजहांपुर, थाना रोजा क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने महिलाओं को देखकर अश्लील गाने गाने और अभद्र टिप्पणियां करने का काम किया। विरोध करने पर उन्होंने परिवार को जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित परिवार का आरोप है कि पड़ोस के दबंगों से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी के चलते आरोपी उनके परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं। जब भी घर की महिलाएं बाहर निकलती हैं, आरोपी अश्लील गाने गाकर उनका उत्पीड़न करते हैं। जब महिलाएं घर से बाहर निकलीं, आरोपियों ने अश्लील गाने गाए।महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां कीं।इस हरकत का विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार को घेर लिया। उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की इन हरकतों के कारण महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच शुरू कर दी गई है।

# लोकल बोर्ड स्कूल अंबरनाथ के नवनिर्मित भवन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षाएं प्रारंभ।

- 10 करोड़ की लागत से बना है, नपा द्वारा संचालित लोकल बोर्ड स्कूल।
- मराठी और तमिल माध्यम की कक्षाएं होंगी संचालित।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क







अंबरनाथ.अंबरनाथ नगरपालिका द्वारा संचालित अंबरनाथ पश्चिम के कैलाश नगर स्थित लोकल बोर्ड स्कूल के अत्याधुनिक और सुसज्जित नवनिर्मित भवन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम दिन सोमवार 16 जून को विद्यार्थियों के स्वागत और उनको शैक्षणिक साहित्य प्रदान करने के रूप में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत अंबरनाथ नपा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड ,पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी,पूर्व नगरसेवक अब्दुलभाई शेख द्वारा दीप प्रज्वलन करके की गई। इस नवनिर्मित भवन में स्कूल क्रमांक 01 और 13 मराठी माध्यम द्वारा और स्कूल क्रमांक 11 तमिल भाषा के माध्यम से संचालित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड ने लोकल बोर्ड स्कूल के नवनिर्मित भवन में विद्यालय के प्रथम दिन शैक्षणिक स्टॉफ, शिक्षा अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शैक्षणिक साहित्य प्रदान किया। पूर्व नगरसेवक अब्दुलभाई शेख ने स्कूल के नवनिर्मित भवन के निर्माण के लिए सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे, आमदार डॉ.बालाजी किणीकर और अंबरनाथ नगरपालिका का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लोगों से आवाहन किया कि इस नवनिर्मित और आधुनिक शिक्षा पद्धति से सुसज्जित विद्यालय में अपने बच्चों को भेजकर विद्यालय के विकास में योगदान करें। ज्ञात रहे कि अंबरनाथ पश्चिम के कैलाश नगर स्थित लोकल बोर्ड स्कूल की अत्याधुनिक नवनिर्मित भवन का निर्माण स्थानीय सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे और आमदार डॉ.बालाजी किणीकर के मार्गदर्शन में और नपा के पूर्व नगरसेवक वरिष्ठ शिवसेना नेता अब्दुलभाई शेख के सक्रिय प्रयासों और सक्रियता से राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त 10 करोड़ रुपए के अनुदान से तत्कालीन मुख्याधिकारी प्रशांत रसाल के आदेशानुसार इसका निर्माण संभव हो पाया है। वर्तमान मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड ने स्कूल भवन में शीघ्र ही सीसीटीवी लगाने की बात कही है।विद्यालय के नवनिर्मित भवन को देखकर विद्यार्थियों और शैक्षणिक स्टॉफ के चेहरों पर खुशी और उमंग की चमक आसानी से देखी जा रही है।नवनिर्मित भवन में लोकल बोर्ड स्कूल के शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ, शैक्षणिक अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख हैं मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड, पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, पूर्व नगरसेवक अब्दुलभाई शेख, शिवसेना नेता श्रीनिवास वाल्मीकि, शैलेश भोईर, पवन वालेकर, आजिंक्य पाटिल आदि प्रमुख रहे।

# 36 किसान परिवारों को मिली आर्थिक मदद

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपए दिए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 36 मृतक आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई। विधायक हर प्रकाश वर्मा ने इन परिवारों को प्रतीक चेक वितरित किए। यह कार्यक्रम जलालाबाद के सभागार में आयोजित किया गया।इस दौरान जलालाबाद के एसडीएम दुर्गेश यादव, कला के एसडीएम अभिषेक सिंह, तहसीलदार पैगाम हैदर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना के तहत प्रदेश भर में 11,690 कृषक आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपए की सहायता राशि उनके खातों में भेजी है। जनपद अंबेडकर नगर से आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे प्रदेश में किया गया। योजना के तहत किसान की मृत्यु या पूर्ण शारीरिक अक्षमता पर 5 लाख रुपए की सहायता दी जाती है। दोनों हाथ, पैर या आंखों की क्षति पर भी 5 लाख रुपए मिलते हैं।एक हाथ और एक पैर के नुकसान पर भी 5 लाख रुपए की मदद दी जाती है।एक हाथ, एक पैर या एक आंख की क्षति पर 2.5 लाख रुपए मिलते हैं।50 से 100 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता पर 2.5 लाख रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है।

# पूर्व विधायक पर कब्जे का झूठा आरोप

## ट्रैक्टर चोरी के आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





शाहजहांपुर, थाना मदनापुर क्षेत्र में एक पूर्व विधायक के खिलाफ झूठी शिकायत करने और धमकी देने का मामला सामने आया है।

ददरौल विधानसभा के पूर्व विधायक देवेन्द्र पाल सिंह ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला कुछ साल पुराना है जब पूर्व विधायक का ट्रैक्टर चोरी हो गया था। पुलिस ने गांव मजरा अंटिया के लालू सिंह, उनके बेटे राजू सिंह और राजेंद्र की निशानदेही पर ट्रैक्टर बरामद किया था। इसके बाद पूर्व विधायक अदालत से ट्रैक्टर वापस ले चुके हैं।इसी रंजिश में आरोपियों ने पूर्व विधायक पर 100 बीघा जमीन पर अवैध कब्जे का झूठा आरोप लगाते हुए आईजीआरएस पर शिकायत कर दी। चकबंदी अधिकारी की जांच में यह आरोप झूठा साबित हुआ। जब पूर्व विधायक ने आरोपियों से झूठी शिकायत के बारे में पूछताछ की, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। इस घटना के दौरान वहां कई लोग जमा हो गए। पूर्व विधायक का कहना है कि इस घटना से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टोल टैक्स और आवारा पशुओं से किसान परेशान



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष हरिराम वर्मा ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कई मुद्दों पर विरोध जताया।पुवायां से बंडा मार्ग पर तीन अलग अलग रोड पर 14 किलोमीटर के अंदर तीन टोल प्लाजा बनाए गए हैं। यह केंद्र सरकार के नियमों के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 7 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या भी उठाई। ये पशु खेतों में घूमकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।इस समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। बोले- सीएम आवास तक करेंगे

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिका में नो किंग्स रैली, गोलीबारी में 1 की मौत

## मिलिट्री परेड के दौरान ट्रम्प का विरोध कर रहे थे; 2 हजार शहरों में हुआ प्रदर्शन

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के साल्ट लेक सिटी में ₹नो किंग्स₹ नाम के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हो गई। प्रदर्शन में शामिल एक शख्स ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की कोशिश कर रहे व्यक्ति पर हमला कर दिया।इससे राइफल लेकर खड़ा व्यक्ति और एक राहगीर दोनों घायल हो गए। बाद में अस्पताल में राहगीर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हमला करने वाले 24 साल के युवक का नाम आटुरो गैंबोआ है। उसे शनिवार शाम हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। गोली लगने से घायल हुए राहगीर की पहचान 39 साल आर्थर फोलासा आह लू के रूप में हुई, जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई।साल्ट लेक सिटी के पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस घटना की जानकारी दी। दरअसल, वाशिंगटन में शनिवार को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिलिट्री परेड का आयोजन किया गया था।इस बीच, ट्रम्प के विरोध में पूरे अमेरिका में लगभग 2 हजार जगहों पर नो किंग्स (यानी अमेरिका का कोई राजा नहीं है) विरोध प्रदर्शन हुए।



वाशिंगटन में 34 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर मिलिट्री परेड का आयोजन हुआ।

इससे पहले 1991 में ऐसा आयोजन हुआ था। इस परेड में टैंक, 6,700 सैनिक, 128 वाहन, 62 विमान शामिल हुए। इसके अलावा ड्रोन, रोबोटिक डॉग भी शामिल हुए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस परेड को अमेरिकी ताकत और सैनिकों के बलिदान का प्रतीक बताया। परेड का समापन आतिशबाजी और ट्रम्प के भाषण के साथ हुआ।

इस आयोजन में करीब 25 से 45 मिलियन डॉलर (21-38 करोड़) खर्च हुए हैं। परेड कॉन्स्टिट्यूशन एवेन्यू पर हुई, जिसमें सैनिकों ने ऐतिहासिक वर्दी में मार्च किया और विश्व युद्धों से लेकर आधुनिक युद्ध तक के हथियारों का प्रदर्शन किया गया। ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प, और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने विशेष मंच से परेड देखी। इस दिन ट्रम्प का 79 जन्मदिन भी था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी ट्रम्प को जन्मदिन की बधाई दी और अपनी शादी की सालगिरह का जिक्र किया।

पूरे अमेरिका में 14 जून को नो किंग्स नामक विरोध प्रदर्शन हुए। इस आंदोलन में लोगों ने ट्रम्प की नीतियों और तानाशाही रवैये का विरोध किया। इस आंदोलन का नाम ₹50 स्टेट्स, 50 प्रोटेस्टर्स, वन मूवमेंट₹ से प्रेरित था, जिसका मतलब है कि अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन। इस प्रदर्शन में करीब 2,000 शहरों और कस्बों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए, जिनमें लोगों ने झंडे लहराए, भाषण दिए और नारे लगाए गए। फिलाडेल्फिया में सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। हालांकि वाशिंगटन में कोई बड़ा विरोध नहीं हुआ। शिकागो, न्यूयॉर्क, और एंकोरेज जैसे शहरों में भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। एक प्रदर्शन के दौरान न्यूयॉर्क में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर काली मिर्च का स्प्रे इस्तेमाल किया, जबकि स्पोकेन में 30 से अधिक लोग गिरफ्तार हुए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है।

# कनाडा में पीएम मोदी के पहुंचने से पहले विरोध

## खालिस्तानियों ने निकाला रोड शो; जी-7 समिट में होंगे शामिल, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

एजेंसी

जालंधर, कनाडा के कैननास्किस में सोमवार से दो दिन का जी7 समिट शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी सोमवार को कुछ ही देर में कनाडा पहुंच जाएंगे। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले खालिस्तानी संगठनों का समर्थन करने वालों ने भव्य रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान पीएम मोदी के जी7 समिट में शामिल किए जाने का जमकर विरोध किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के पुतले को जेलनुमा चीज में बंद कर रोड पर में लगाया गया था। साथ ही पीएम मोदी के पुतले को हथकड़ियां भी पहनाई गईं थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले ऐसा प्रदर्शन होने पर उनकी सुरक्षा को लेकर भारतीय एजेंसियों अलर्ट पर हैं। जानकारी के अनुसार कनाडा के कैलगरी प्रांत में खालिस्तान अलगाववादियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के खिलाफ ये रोड शो निकाला। कनाडाई मीडिया आउटलेट से बात करते हुए कैलगरी में गुरुद्वारा दशमेश से निकले इस काफिले का नेतृत्व खालिस्तान समर्थक मनजिंदर सिंह कर रहे थे। खालिस्तानी अलगाववादियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ गीदड़भक्की देते हुए कहा- पीएम मोदी कनाडा के दुश्मन है। खालिस्तानियों ने कहा- हम यहां पर पीएम मोदी की राजनीति को खत्म करने के लिए इकट्ठा हुए हैं। हम कनाडा को सुरक्षा बनाना चाहते हैं। साथ ही खालिस्तानियों ने भारतीय हिंदुओं को भी गलत शब्दावली बोली। खालिस्तानी अलगाववादियों ने गीदड़भक्की दी कि वह उतनी देर तक ये प्रदर्शन करेंगे, जितनी देर तक कनाडा में पीएम मोदी रहेंगे। इस दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। कनाडा के कैननास्किस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 समिट में शामिल होंगे। पीएम मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर शिखर कनाडा पहुंच चुके हैं। पीएम मोदी साइप्रस दौरा खत्म कर कनाडा पहुंचेंगे। यहां कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के साथ पहली मुलाकात भी करेंगे। जनवरी 2025 में जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद 14 मार्च को मार्क कार्नी कनाडा के नए पीएम बने थे।




# ईरान से आर्मेनिया के रास्ते लौटेंगे भारतीय छात्र

## इजराइल से टकराव के बीच 1500 स्टूडेंट्स फंसे; ईरान बोला- बॉर्डर खुले, विदेशी नागरिक जा सकते हैं

एजेंसी

तेहरान/नई दिल्ली, इजराइल से लगातार चौथे दिन जारी लड़ाई के बीच ईरान ने सोमवार को विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। सूत्रों ने बताया कि भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिए ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी। ईरान के अलग-अलग शहरों से भारतीय छात्र आर्मेनिया से लगे नॉरदुज बॉर्डर पहुंचेंगे। यहां से इन्हें बस से आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट ले जाया जा सकता है। इसके बाद इन छात्रों को हवाई रूट से भारत लाया जाएगा। इस वक्त ईरान और इजराइल के बीच हालात काफी तनावपूर्ण हैं। कई शहरों में हमले हो चुके हैं और सुरक्षा का खतरा बना हुआ है। ऐसे में भारतीय छात्रों को सीधे ईरान से एयरलिफ्ट करना फिलहाल संभव नहीं है। ईरान में बीते 3 दिनों से जारी इजराइली हमले से हालात काफी बिगड़ गए हैं। सीएनएन के मुताबिक शहर के पेट्रोल पंपों पर कारों की लंबी-लंबी लाइनें लगने लगी हैं। लोग डरे हुए हैं और शहर छोड़कर बाहर जाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक सिर्फ तेहरान में 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। एक शख्स ने रॉयटर्स को बताया कि कई बार कतार में लगने के बाद भी पेट्रोल मिलना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि ईंधन की सप्लाई सीमित है। तेहरान के एक निवासी ने कहा कि लोगों के पास बमबारी से बचने के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं है। पूरे शहर में कोई शेल्टर नहीं है जहां लोग भागकर जान बचा सकें। बहुत से लोग उत्तर की ओर कैस्पियन सागर की ओर जा रहे हैं, जो अपेक्षाकृत शांत और दूरदराज का इलाका है, लेकिन रास्ते इतने जाम हो चुके हैं कि वहां पहुंच पाना भी मुश्किल हो गया है। इजराइल ने रविवार को चेतावनी दी थी कि जो लोग हथियार बनाने वाले इलाकों के पास रहते हैं, वे तुरंत वहां से निकल जाएं क्योंकि खतरा और बढ़ सकता है।




# पाकिस्तानी डॉन पर भड़की इन्फ्लुएंसर सुरलीन

## कहा- सिखों की बेटियों पर करता है गलत टिप्पणी, एक साल से मेरे साथ लड़ रहा

एजेंसी

लुधियाना, पंजाब में इन्फ्लुएंसर को लगातार कट्टरपंथी निशाने पर ले रहे है। इस बीच पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी भी कंचन की हत्या के बाद अमृतपाल मेंहरों के हक में वीडियो पोस्ट कर रहा है कि वह उसके साथ है। अब शहजाद भट्टी पर इन्फ्लुएंसर सुरलीन कौर ने निशाना साधा है। सुरलीन ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए कहा- पाकिस्तान का शहजाद भट्टी खच्च (घटिया) बंदा है, जो एक साल से मेरे साथ लड़ रहा है। उसने मेरे खिलाफ वीडियो भी पोस्ट की थी। सुरलीन ने कहा कि वह अकेली ही उसके साथ लड़ रही थी और सिखों के लिए कोई भी लड़की खड़ी नहीं हुई थी। लेकिन इन लोगों ने फोटो लगाकर बहुत गलत किया। अब उस शहजाद भट्टी ने वीडियो जारी कर कहा कि वह अमृतपाल सिंह मेहरू के साथ है। सुरलीन ने वीडियो में भट्टी की एक क्लिप दिखाई है। जिसमें उसने भट्टी को पोल खोलते हुए सभी लोगों के ध्यान से इस क्लिप को सुनने के लिए कहा है। सुरलीन ने वीडियो में कहा कि सुनें कि किस तरह शहजाद भट्टी सिख लड़कियों के खिलाफ गलत शब्दावली का इस्तेमाल कर रहा है और सिख लड़कियों को मुस्लिम बनाने की बात करता सुनाई दे रहा है। हालांकि इस क्लिप की दैनिक भास्कर पुष्टि नहीं करता। बता दें कि पिछले कुछ समय से भट्टी द्वारा पंजाब के लोगों के प्रति आपत्तिजनक बयान सामने आ रहे है। इससे पहले भट्टी का जालंधर के इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के साथ विवाद भी हुआ था। उस दौरान रोजर संधू ने भी भट्टी पर हिंदू और सिख धर्म के खिलाफ भट्टी पर आपत्तिजनक बयान देने के आरोप लगाए थे। जिसके बाद दोनों में विवाद इतना बढ़ गया था कि भट्टी ने रोजर के घर पर ग्रेनेड अटैक करवाकर उसकी जिम्मेदारी ली थी।



# यूपी में बिजली गिरने से 25 लोगों की मौत

## सीएम योगी ने राहत के आदेश दिए, गोंडा में भी दो लोगों की गयी जान



**15 जून- पिछले 48 घंटों में उत्तर प्रदेश के 14 जिलों में तेज आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें से कई लोग अपने दैनिक कामों के दौरान बाहर फंसे हुए थे।**

एजेंसी

15 जून- पिछले 48 घंटों में उत्तर प्रदेश के 14 जिलों में तेज आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें से कई लोग अपने दैनिक कामों के दौरान बाहर फंसे हुए थे। बिजली गिरने से होने वाली मौतों की सूचना ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से मिली, जहां कमजोर आबादी खेती, आवागमन या घरेलू कामों में लगी हुई थी। अधिकारियों ने अभी तक जिलेवार विस्तृत जानकारी जारी नहीं की है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर और रायबरेली शामिल हैं।

### गोंडा में अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

गोंडा जिले में सोमवार को अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि सदर तहसील क्षेत्र के दत्तनगर बिसेन निवासी कुणाल शर्मा (20) आज सुबह जब घर के पास हैंडपंप से पानी लेने गया था तो आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वह झुलस गया।परिजन उसे तुरंत गोंडा मेडिकल कॉलेज ले गए जहां चिकित्सकों ने कुणाल को मृत घोषित कर दिया। शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम में आकाशीय बिजली गिरने के कारण मौत की पुष्टि हुई है। जिलाधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में ग्राम काजीदेवर में आकाशीय बिजली गिरने के कारण रामदेव यादव (46) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेशार्नुसार दोनों मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों की दुखद मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि:मृतकों के परिवारों को तत्काल वित्तीय मुआवजा प्रदान करेंनुकसान का विस्तृत सर्वेक्षण करेंयह सुनिश्चित करें कि घायल पीड़ितों को उचित चिकित्सा सुविधा मिलेमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को संबंधित अधिकारियों को तूफान, बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों में राहत कार्य तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए।

# इजराइल ने ईरान पर फिर एयरस्ट्राइक की

## तेहरान में न्यूज चैनल की बिल्डिंग पर बम गिराए, लाइव शो कर रही एंकर बाल-बाल बची

**तेल अवीव में लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी**

**ईजराइल के बाद अब ईरान ने भी तेल अवीव में लोगों को उनकी सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने तेल अवीव के लोगों के लिए एक बयान जारी किया है। इससे पहले इजराइल ने ईरानी की राजधानी तेहरान के डिस्ट्रिक्ट 3 के लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की चेतावनी दी थी। इसके कुछ समय बाद तेहरान में धमाकों की कई आवाजें सुनाई दीं।**

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव , इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में देश के सरकारी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए।घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें एंकर न्यूज पढ़ रही थी। अचानक धमाके हुआ और एंकर कुर्सी से उठकर भागी और स्टूडियो में हर तरफ मलबा गिरने लगा।इजराइल डिफेंस फोर्स ने पर ईरान पर हमले का एक और वीडियो जारी किया। कैप्शन में बताया कि आज सुबह से इजराइली एयरफोर्स ने मिसाइल लान्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे।इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजराइली सेना ने रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजराइली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है।ईरान के हमले में आज 8 इजराइलियों की मौत ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।पिछले 4 दिनों के दौरान इजराइल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।



1. इजराइली हमले में 138 ईरानियों की मौतः रक्षा मंत्री की धमकी- तेहरान जला देंगे

2. ईरान पर फिर इजराइली एयरस्ट्राइक शुरूः दोबारा न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले

3. ट्रम्प का दावा- ईरान और इजराइल का समझौता होगा; दोनों देशों में लड़ाई जारी

# आपने लालू, पीएम मोदी, नीतीश कुमार का शासन देखा है, अब...

## प्रशांत किशोर ने लोगों से जन सुराज का समर्थन करने की अपील की

**मधुबनी जिले के झंझारपुर इलाके में एक सभा को संबोधित करते हुए किशोर ने कहा कि मैं वोट नहीं मांग रहा हूं...मैंने पिछले 2.5 वर्षों में पांच हजार गांवों की यात्रा की है, कई लोगों को इकट्ठा किया है और एक पार्टी 'जन सुराज' बनाई है...आपने लालू प्रसाद यादव, पीएम मोदी, नीतीश कुमार का शासन देखा है...अब बिहार में लोगों का शासन, 'जन सुराज' होना चाहिए।**



एजेंसी

बिहार के लोगों से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राज्य में एक नए विकल्प का समर्थन करने की अपील करते हुए जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि लोगों ने लालू यादव, पीएम मोदी और नीतीश कुमार का शासन देखा है, लेकिन अब जनता का शासन होना चाहिए। मधुबनी जिले के झंझारपुर इलाके में एक सभा को संबोधित करते हुए किशोर ने कहा कि मैं वोट नहीं मांग रहा हूं...मैंने पिछले 2.5 वर्षों में पांच हजार गांवों की यात्रा की है, कई लोगों को इकट्ठा किया है और एक पार्टी 'जन सुराज' बनाई है...आपने लालू प्रसाद यादव, पीएम मोदी, नीतीश कुमार का शासन देखा है...अब बिहार में लोगों का शासन, 'जन सुराज' होना चाहिए।इससे पहले शनिवार को प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल (यूनाइटेड) पर निशाना साधते हुए कहा कि 30 साल से उन्होंने बिहार में सिर्फ गरीबी और भ्रष्टाचार फैलाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 30 सालों से वे सिर्फ सामाजिक न्याय का नारा देकर अपने परिवार और अपने बच्चों का भला करना चाहते हैं।

# मोदी जी ने क्या चुनाव के वक्त झूठ बोला था? :केजरीवाल

## दिल्ली में बुलडोजर एक्शन को लेकर भड़के केजरीवाल

**अधिकारियों ने प्रतिरोध की आशंका में भारी पुलिस बल तैनात किया है और बैरिकेड्स लगा दिए हैं। चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत आज 200 से ज्यादा अवैध झुग्गियों को ध्वस्त किया जाना है। यह कार्रवाई अदालत के आदेश के तहत की जा रही है और अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि पहले भी यहाँ इसी तरह के अभियान चलाए जा चुके हैं।**

एजेंसी

दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक बड़ा ध्वस्तीकरण अभियान चल रहा है, जिसमें खास तौर पर जेलरवाला बाग इलाके में अवैध झुग्गियों को निशाना बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने प्रतिरोध की आशंका में भारी पुलिस बल तैनात किया है और बैरिकेड्स लगा दिए हैं। चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत आज 200 से ज्यादा अवैध झुग्गियों को ध्वस्त किया जाना है। यह कार्रवाई अदालत के आदेश के तहत की जा रही है और अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि पहले भी यहाँ इसी तरह के अभियान चलाए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि पहले की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में विस्थापित हुए निवासियों को स्थायी डीडीए फ्लैट दिए गए थे। आज का अभियान सख्त सुरक्षा के बीच चलाया जा रहा है ताकि निकासी के दौरान कानून और व्यवस्था बनी रहे। दूसरी ओर पूरे मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार पर निशाना साधा रही है। दिल्ली के आप प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार के बुलडोजर का विरोध करने पर पूर्व विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी पुलिस की हिरासत में लिए गए। भाजपा सरकार लगातार गरीबों के घरों पर बुलडोजर चला रही है।इसके बाद आप प्रमुख और दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि आखिर बीजेपी चाहती क्या है? क्या दिल्ली की सभी झुग्गियाँ तोड़ना चाहती है? तो फिर मोदी जी ने क्या चुनाव के वक्त झूठ बोला था - जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान ?वएक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, दिल्ली पुलिस कर्मियों के साथ अर्द्धसैन्य बल की दो कंपनी मौके पर मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कानून एवं व्यवस्था की स्थिति भंग न हो। इस महीने इलाके में यह दूसरा ध्वस्तीकरण अभियान है। दो जून को ध्वस्तीकरण अभियान के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था, अगर किसी रेलवे लाइन पर अतिक्रमण किया जाता है ।



## संक्षेप

### टांडा-बांदा हाईवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत

**एक ट्रक के कंडक्टर की मौत, पुलिस ने वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया**

सुलतानपुर, टांडा-बांदा हाईवे पर दो ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक खलासी की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य करते शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है। टांडा-बांदा हाईवे पर सेमरी मोड़ कटका के पास यह हादसा हुआ है। यहां ट्रक नंबर यूपी 71 वीटी 3186 और एचआर 73 वी 8584 की आमने सामने भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक नंबर एचआर 73 वी 8584 के खलासी को गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव पुलिस ने तत्काल खलासी को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सनी प्रजापति (18) पुत्र शीतला प्रजापति के रूप में हुई है। वो लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के समहुत कला का निवासी है।

### मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़

**ईएमओ की शिकायत पर केस दर्ज, इलाज में कथित लापरवाही से मरीज की हुई थी मौत**

सुलतानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में सर्पदंश के शिकार युवक की इलाज में कथित लापरवाही से मौत हो गई। डॉक्टरों के प्रति परिजनों का गुस्सा फूटा और उन्होंने तोड़फोड़ कर हंगामा काटा। अंत में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने एकला चलो की राह अपनाया। ईएमओ से तहरीर दिलाकर केस तो दर्ज करवा दिया लेकिन जिन स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही पर आरोप लगे उन पर कार्रवाई करना उन्होंने मुनासिब नहीं समझा। यह है पूरा मामला दरअस्ल अयोध्या जिले के बीकापुर के चौरे बाजार शिवम 21 वर्ष को रविवार दोपहर सांप ने काट लिया। परिजन उसे पहले कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए मरीज को सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक के भाई के अनुसार, इमरजेंसी में एक डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया और चले गए।

### कांग्रेस की जमीनी मजबूती के लिए नई पहल

**सुल्तानपुर में कोऑर्डिनेटर्स वार्ड स्तर पर कर रहे जनता से संवाद, दिया जा रहा दायित्व**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने जमीनी स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करने का अभियान शुरू किया है। पार्टी ने पूरे प्रदेश में कोऑर्डिनेटर्स नियुक्त किए हैं। ये कोऑर्डिनेटर्स वार्ड स्तर पर जाकर जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं। सुल्तानपुर नगर के वार्ड नंबर 9 में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। अवध एजुकेशन सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता रियाज अहमद उर्फ लड्डू ने की।

# रेस्टोरेंट के बाहर बम धमाका

**अटाला में बदमाशों ने बाइक से आकर किया हमला, इलाके में मची अफरा-तफरी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, खुलदाबाद थाना क्षेत्र के अटाला मोहल्ले में रविवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ अज्ञात युवकों ने एक रेस्टोरेंट के बाहर बम चला दिया। यह घटना हाजी रशीद के बंगले के पास स्थित एक रेस्टोरेंट के सामने हुई। अचानक हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों में दुबक गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात कुछ युवक बाइक से आए और रेस्टोरेंट के सामने खड़े होकर तेज आवाज के साथ बम चलाया। बम धमाके की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। रेस्टोरेंट मालिक की ओर से खुलदाबाद थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही खुलदाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। बताया जा रहा है कि कुछ संदिग्ध युवकों की तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं, जिनके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। रेस्टोरेंट मालिक का कहना है कि उसका किसी से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है, और उसे नहीं पता कि यह हमला क्यों किया गया। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि यह किसी आपसी रंजिश का मामला तो नहीं है या फिर किसी गैंग की ओर से इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश।

फिलहाल पुलिस ने रेस्टोरेंट के आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी है और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# टीजीटी-पीजीटी परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**प्रयागराज में शिक्षा सेवा चयन आयोग के बाहर नारेबाजी, आयोग व अभ्यर्थी आमने-सामने**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से 18 और 19 जून को प्रवक्ता संवर्ग टीजीटी-पीजीटी एग्जाम होना प्रस्तावित था। लेकिन चार दिन पहले ही आयोग ने इस परीक्षा को स्थगित कर दिया और अगस्त में कराने की बात कही गई। लेकिन डेट नहीं घोषित की गई थी। इसी मांग को लेकर युवा मंच के बैनरतले अभ्यर्थियों ने शिक्षा सेवा चयन आयोग के बाहर धरना प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी की। आयोग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। अभ्यर्थियों की मांग थी कि वह आयोग की अध्यक्ष से वार्ता करेंगे। लेकिन वह लखनऊ में थे। ऐसे में परीक्षा नियंत्रक देवेन्द्र प्रताप सिंह से वार्ता हुई। उन्होंने बताया कि 30 व 31 जुलाई 2025 को टीजीटी की परीक्षा कराने को लेकर शासन से सहमति के लिए अध्यक्ष गयी हैं। शासन से अनुमति मिलते ही परीक्षा संबंधित तारीख अध्यक्ष के आते ही जारी कर दी जाएगी। वहीं पीजीटी की परीक्षा को लेकर अगस्त के अंतिम सप्ताह में हर हाल में परीक्षा कराने की बात कही गई। सब कुछ ठीक रहा तो टीजीटी-पीजीटी व असिस्टेंट प्रोफेसर का नया विज्ञापन नवंबर में जारी हो जाएगा। असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का मूल्यांकन गठित कमेटी की निगरानी में शुरू होने जा रहा है जो भी संदिग्ध पाया जाएगा उसे बक्सा नहीं जाएगा। प्रतियोगी छात्र प्रतिनिधिमंडल के शीतला प्रसाद ओझा ने जीआईसी एलटी, प्रवक्ता, खंड शिक्षा अधिकारी, राजकीय डिग्री कालेजों के रिक्त पदों पर तत्काल विज्ञापन जारी करने को लेकर कल यानी मंगलवार को उप्र लोक सेवा आयोग पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

# 80 किसान परिवारों को मिली मदद

**मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना में 3.77 करोड़ की सहायता राशि वितरित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 80 किसान परिवारों को 3 करोड़ 77 लाख 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। यह योजना किसानों की दुर्घटनावश मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में उनके परिवार को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। जिले की सभी तहसीलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील गौरीगंज में जिलाधिकारी संजय चौहान और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने 18 लाभार्थियों को चेक दिए। तिलोई में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने 19 लाभार्थियों को, अमेठी तहसील में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने 21 लाभार्थियों को और मुसाफिरखाना में विधायक सुरेश पासी ने 22 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण दिव्यांगता पर 5 लाख रुपए की सहायता दी जाती है। एक हाथ, पैर या आंख की क्षति पर 2.50 लाख रुपए मिलते हैं। 25% से अधिक लेकिन 50% से कम स्थाई दिव्यांगता पर 1.25 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया।



# व्यापार मंडल की बैठक

**ई-कॉमर्स से जुड़ने के लिए व्यापारियों को मिलेगा तकनीकी सहयोग, बाजारों में होगा संगठन का पुनर्गठन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, सिवारा रोड स्थित एक निजी होटल में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती और व्यापारी हितों की रक्षा पर विशेष जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी मुख्य अतिथि और प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रदेश महामंत्री त्रिपाठी ने जनपद के सभी बाजारों में संगठन के पुनर्गठन पर बल दिया। उन्होंने सक्रिय कार्यकताओं को संगठन में प्रमुख दायित्व देने की बात कही। बैठक में व्यापारियों से सीधे संवाद के लिए बाजारों में नियमित कैंप लगाने का निर्णय लिया गया। त्रिपाठी ने बदलते व्यावसायिक माहौल में ई-कॉमर्स की बढ़ती भूमिका को देखते हुए परंपरागत दुकानदारों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी मदद देने की घोषणा की। व्यापारियों की समस्याओं को सरकारी विभागों तक पहुंचाने और उनके त्वरित समाधान पर भी चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी जयप्रकाश मिश्र समेत कई प्रमुख व्यापारी और पदाधिकारी शामिल हुए।

# महिलाओं के बीच मारपीट



**लकड़ी रखने के विवाद में दो पक्षों में हाथापाई, पुलिस ने किया शांति भंग में चालान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिले के जामो थाना क्षेत्र के खुन्नाताल गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मकान के बाहर लकड़ी रखने को लेकर दो पक्षों की महिलाओं के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष की कल्पना का आरोप है कि उनकी भाभी पुष्पा उनके मकान के बाहर लकड़ी रखती हैं। विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी गई। वहीं दूसरी तरफ पुष्पा का कहना है कि कल्पना ने मामूली विवाद के बाद उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने शुरू की मामले की जांच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लात-घूंसे चलने लगे। इस दौरान एक युवक भी महिला को थप्पड़ मारते हुए देखा गया। घटना का वीडियो सामने आया है। जामो थाने के इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकताओं का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**ई-केवाईसी अपडेट और मोबाइल रिचार्ज की मांग, एसडीएम को दिया ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी के गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में आज दोपहर आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताई। धरने की सूचना मिलते ही अतिरिक्त एसडीएम मौके पर पहुंचे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदु गुप्ता ने बताया कि विभाग ने ई-केवाईसी में आधार कार्ड की फोटो जैसी ही फोटो अपलोड करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि कई वर्ष पुराने आधार कार्ड की फोटो जैसी फोटो खींचना संभव नहीं है। 4 साल पहले दिए गए थे फोन कार्यकताओं ने बताया कि उन्हें मात्र 6 हजार रुपए वेतन मिलता है। चार साल पहले दिए गए मोबाइल फोन पुराने हो चुके हैं। इनसे अच्छी क्वालिटी की फोटो नहीं खींची जा सकती। विभाग ने चार साल से मोबाइल रिचार्ज भी नहीं कराया है। नौकरी से निकालने की धमकी कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि सीडीपीओ और सुपरवाइजर उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं। साथ ही राशन वितरण के दौरान ग्रामीण भी उन्हें परेशान करते हैं।

# दरोगा-सिपाही ने भाई-बहन को गिराकर पीटा

**10 मिनट तक बवाल, तमाशबीन वीडियो बनाते रहे; डॉग के काटने पर हुआ विवाद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नाबालिग भाई-बहन को सड़क पर गिराकर लाठी-डंडे से जमकर पीटा। उन पर लात-घूंसे और थप्पड़ भी बरसाए। आरोपी दरोगा और सिपाही सगे भाई हैं। मौके पर 10 मिनट तक मारपीट होती रही। लेकिन किसी ने विवाद सुलझाने की हिम्मत नहीं की। लोग वहां खड़े होकर वीडियो बनाते रहे। घटना अतरौली थाना क्षेत्र में 14 जून को हुई। सोमवार को वीडियो सामने आया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई है। परिजन की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कुंजलपुर गांव निवासी दरोगा भीम प्रकाश और सिपाही लखमीचंद लोधी सगे भाई हैं। इन दिनों छुट्टी पर अपने गांव आए हुए हैं। दरोगा भीम प्रकाश की पोस्टिंग सहारनपुर और सिपाही लखमीचंद की पोस्टिंग बरेली में है। गांव के लोगों के मुताबिक, उनके पड़ोस में उनकी ही बिरदारी का एक परिवार रहता है। उन्होंने एक डॉग पाल रखा है। 14 जून, शनिवार को डॉग को टहला रहे थे। इसी दौरान डॉग ने दरोगा के परिवार के एक सदस्य को काट लिया। इस बात की जानकारी जब दरोगा और सिपाही को हुई तो उन्होंने पड़ोसी के घर में घुसकर कुत्ते को घुमाने वाले नाबालिग लड़के को सड़क पर लाकर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। भाई को पिटते देख उसकी नाबालिग बहन पुलिस वालों से भिड़ गई। इतने पर भी पुलिस वाले शांत नहीं हुए। दरोगा ने लड़के को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद 10 मिनट तक भाई बहन को जमीन पर गिरा-गिराकर पीटा। काफी देर तक गांव में हंगामा होता रहा। इस दौरान मौके पर खड़े लोग वीडियो बनाते रहे। परिजन के अनुसार- शोर सुनकर वे दौड़कर बाहर आए। पुलिस वालों ने उनके साथ भी धक्का मुक्की की। शोर सुनकर गांव वालों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने मारपीट का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। भीड़ में से कुछ लोगों ने आगे आकर दोनों बच्चों को पुलिस वालों से छुड़ाया। उसके बाद दोनों को अस्पताल ले गए। जहां पर उन्हें भर्ती कराया। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। सीओ राजीव द्विवेदी ने बताया, मारपीट के वीडियो का तत्काल संज्ञान लिया गया है।

# मथुरा में मिट्टी का टीला धंसा, 6 मकान गिरे

**2 सगी बहनों समेत 3 की मौत; महिलाओं ने लगाया जाम, आरोपी पर 25 हजार का इनाम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, गोविंद नगर इलाके में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक साथ 6 मकान अचानक से भरभराकर गिर गए। हादसे के बाद 4 लोगों को मलबे से निकाला गया। इनमें से 3 की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। जिसका इलाज चल रहा है। जबकि देर रात कुछ मकान गिरासू होने के चलते रेस्क्यू रोक दिया गया था। सोमवार सुबह मुआवजे को लेकर पीड़ित परिवार और आसपास के लोग धरने पर बैठ गए और जाम लगा दिया। महिलाओं का कहना हैं कि जब तक मुआवजे की घोषणा और इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई नहीं होती तक तक हम लोग धरने पर बैठेंगे। पीड़ित महिलाओं ने कहा- हमें मकान के बदले मकान चाहिए। अब कहां जाएं। हमारा तो सब कुछ खत्म हो गया। साथ ही उनका कहना है कि पुलिस प्रशासन ने देर रात शवों के अंतिम संस्कार का दबाव बनाया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया- आरोपी सुनील चेन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर गिरफ्तारी को टीमें लगाई गई हैं

# अधिकारियों का आदेश कागजों तक सीमित

**गोमती नदी में मछली पकड़ने पर 31 अगस्त तक रोक, फिर भी जारी है अवैध शिकार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, मत्स्य पालक विकास अभिकरण द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन हो रहा है। गोमती नदी में 1 जून से 31 अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक है। यह प्रतिबंध शासनादेश संख्या 1/2019/33/एक-2-2019 के तहत लगाया गया है। मत्स्य पालक विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमाकांत पाण्डेय के अनुसार, वर्षा ऋतु में इंडियन मेजर कार्प रोहू, कतला, नैन और विदेशी मेजर कॉर्प की प्रजनन अवधि होती है। इसी कारण इस दौरान मछली पकड़ने पर रोक लगाई गई है। कार्रवाई का है प्रावधान उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 के तहत वर्षा ऋतु में मछली और मत्स्य बीज पकड़ने पर प्रतिबंध है।

# राशन वितरण में गड़बड़ी

**50 से ज्यादा ग्रामीणों ने दर्ज कराई शिकायत, कम राशन देने का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, मिश्रौली बड़गांव में राशन वितरण में अनियमितता की शिकायतों की जांच के लिए एआरओ सीमा पांडेय सोमवार को गांव पहुंचीं। उन्होंने पंचायत भवन और ग्रामीणों के घर जाकर 50 से 60 लोगों के बयान दर्ज किए। ग्रामीण कालिदीन यादव ने बताया कि पिछले महीने पहली बार आपूर्ति निरीक्षक की मौजूदगी में पूरा राशन मिला। उन्होंने कोटेदार पर केवाईसी के नाम पर प्रति यूनिट 100 रुपए वसूलने का आरोप लगाया। कार्डधारक मंजू देवी के पति राजकुमार ने बताया कि उन्हें 25 किलो की जगह 23 किलो राशन मिलता है। ग्रामीण अशोक सिंह ने कहा कि कोटेदार अंगूठा लगवाने की सूचना नहीं देता। इससे कई बार वे राशन से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले जून को छोड़कर कभी पूरा राशन नहीं मिला। कोटेदार सरकारी कांटे की बजाय प्राइवेट कांटे से तौल कर कम राशन देता है। सूबेदार सिंह, रामकुमार, कृपाला देवी और बृजेश सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने भी कोटेदार पर अनियमितता के आरोप लगाए।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० – A – 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक- जगन्नाथ तिवारी